05 फरवरी 2025
बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



विभागों में रिक्त पड़े पदों को चिन्हित कर जल्द बड़े पैमाने पर होगी बहाली: नीतीश

2



# हमारी सरकार ने गरीबों को झूठे नारे नहीं दिए, बल्कि हमने उन्हें सच्चा विकास दिया है: मोदी

- पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला



**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने नारे नहीं दिए, गरीबों की सच्ची सेवा की। पांच-पांच दशक तक झूठे नारे दिए गए। इसे समझने के लिए जज्बा चाहिए। मोदी को बहुत दुख के साथ कहना है कि कुछ लोगों के पास ये है ही नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ लोगों के लिए जाति के बारे में बात करना फैशन है। पिछले 30 वर्षों से ओबीसी सांसद मांग कर रहे हैं कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। आज जो लोग जातिवाद में लाभ देखते हैं, उन्होंने तब ओबीसी समुदाय के बारे में नहीं सोचा। हमने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। एससी, एसटी और ओबीसी को हर क्षेत्र में अधिक अवसर मिलें। हमने इस दिशा में बहुत मजबूती से काम किया है। मैं इस सदन के माध्यम से नागरिकों से एक महत्वपूर्ण प्रश्न रखता हूं। क्या कभी एससी समुदाय के एक ही परिवार से एक साथ 3 सांसद हुए हैं? मैं यह भी पूछता हूं, मुझे बताएं कि क्या कभी एसटी समुदाय के एक ही परिवार से एक साथ 3 सांसद हुए हैं। उनकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, हमारा फोकस गरीबों के घर बनाने पर है। जो लोग गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराते हैं, उनको गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। कहा, गरीब का दुख, आम आदमी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं।

### कुछ लोग खुलेआम अर्बन नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं

पीएम मोदी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल कुछ लोग खुलेआम अर्बन नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, जो लोग इस भाषा को बोलते हैं, वे न तो संविधान को समझ सकते हैं और न ही राष्ट्र की एकता को समझ सकते हैं। 7 दशकों तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना के अनुसार जीते हैं और इसीलिए हम मजबूत फैसले भी लेते हैं। हमारा संविधान भेदभाव करने का अधिकार नहीं देता।

### कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है। हमारा फोकस तो हर घर नल से जल पहुंचाने पर है। 12 करोड़ लोगों को नल से जल दिया। हमारा फोकस गरीबों के घर बनाने पर है, जो लोग गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराते हैं, उनको गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। समस्या की पहचान करके छूट नहीं सकते। समस्या का समाधान भी करना होता है। हमारा मॉडल है, बचत भी, विकास भी। जनता का पैसा, जनता के लिए। हमने जनधन, आधार की जैन ट्रिनिटी बनाई और डीबीटी से देना शुरू किया और हमारे कार्यकाल में 40 करोड़ रुपये सीधे जनता के खाते में जमा किए। देश का दुर्भाग्य देखिए, सरकार कैसे और किसके लिए चलाई गई। मोदी ने कहा, हमारी सरकार ने गरीबों को झूठे नारे नहीं दिए, बल्कि हमने उन्हें सच्चा विकास दिया है। देश ने 5 दशक तक गरीबी हटाओ के झूठे नारे सुने। हमारी वजह से 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर आए हैं। बीते 10 साल में देश ने सेवा करने का मौका दिया। 25 करोड़ देशवासी गरीबी को परास्त करके गरीबी से बाहर आए हैं। 25 करोड़ गरीब गरीबी को परास्त कर बाहर निकले हैं।

## नीतीश कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा से जुड़ी 20 हजार करोड़ की 82 योजनाओं को दी गई मंजूरी

# काशी की तर्ज पर विकसित होगा हरिहरनाथ मंदिर

- कैबिनेट की बैठक में रिकॉर्ड कुल 136 एजेंडों पर लगी मुहर
- दरभंगा-पूर्णिया में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बनाने को मिली मंजूरी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 136 एजेंडों पर मुहर लगी। इस दौरान उन योजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी घोषणा सीएम नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे और तीसरे चरण के दौरान की थी। कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा से जुड़ी 20 हजार करोड़ की 82 योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसमें पथ निर्माण विभाग के 41 और जल संसाधन विभाग के 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर हरिहरनाथ मंदिर के विकास को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाया जाएगा। मंदिर कॉरिडोर का निर्माण अहमदाबाद की वही कंपनी करेगी जिसने काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाया था।

मधेपुरा के सिंधेश्वर स्थान मंदिर के विकास पर 90 करोड़ 27 लाख रुपये खर्च किए जाने की मंजूरी दी गई है। कुशेश्वर स्थान के विकास के लिए 44 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। दरभंगा में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बनाने को भी कैबिनेट की स्वीकृति मिली है। इस पर 83 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जायेगी। वहीं, पूर्णिया में भी अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण किया जायेगा। इस पर 56 करोड़ से ज्यादा खर्च होंगे। हाजीपुर में जलजमाव दूर करने के लिए पानी की निकासी के लिए परियोजना को मंजूरी दी गयी है। दरभंगा जिले में गंगासागर और दीघी झीलों के जीर्णोद्धार को मंजूरी मिली है।



### अररिया और खगड़िया में मेडिकल कॉलेज बनाने को मिली मंजूरी

सीएम नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान अररिया और खगड़िया में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की थी। जिसके बाद मंगलवार को कैबिनेट ने दोनों मेडिकल कॉलेजों के लिए कुल 862 करोड़ 34 लाख रुपये की मंजूरी दी है। अररिया में सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 4 अरब 1 करोड़ 78 लाख रुपए की योजना राशि स्वीकृत की गई है। इस मेडिकल कॉलेज में 100 छात्रों के नामांकन की क्षमता और 330 बेड होंगे। इसी तरह खगड़िया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की थी, इसके निर्माण कार्य को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस पर 4 अरब 60 करोड़ 56 लाख रुपए खर्च होंगे। यह मेडिकल कॉलेज खगड़िया के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में सहायक होगा।

**दो डॉक्टरों को किया गया बर्खास्त** : डॉ प्रेम प्रकाश शंकर चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल जमुई और डॉक्टर नागेंद्र नाथ चिकित्सा पदाधिकारी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनपुर महिषी सहरसा के लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर सरकारी सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।

### पीरपैंती में 2400 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना को मिली स्वीकृति

बिहार के पीरपैंती (भागलपुर) में अधिग्रहित भूमि पर 3 गुणा 800 मेगावाट (कुल 2400 मेगावाट) ताप विद्युत परियोजना की स्थापना को मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह परियोजना टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी टेंडर के तहत क्रियान्वित की जाएगी और इसकी नोडल एजेंसी बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड होगी।

**खेल निदेशालय के गठन को मंजूरी:** कैबिनेट की बैठक में राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल निदेशालय के गठन को मंजूरी दी गई है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए धनराशि को भी मंजूरी दी गई है। बिहार में सीपेक टाकरा विश्व कप के आयोजन को भी मंजूरी दी गई है।

**पर्यटन निगम के लिए 50 पदों के सृजन को स्वीकृति:** बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड पटना के लिए अभियंत्रण शाखा के विभिन्न पदों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से 50 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। खेल विभाग बिहार पटना को आवंटित कार्यों के संपादन एवं सुगम संचालन हेतु खेल विभाग बिहार पटना के अंतर्गत खेल निदेशालय पटना का कार्यालय के गठन की स्वीकृति दी गई।

**6 नगर निगम में सीसीटीवी लगाने को मंजूरी:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजकीय 6 नगर निगम में सीसीटीवी परियोजना एवं ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु 487 करोड़ 5 लाख 81000 की योजना की स्वीकृति दी गई है।

**महिला विश्व कप कबड्डी चैंपियनशिप को सहमति:** महिला विश्व कप कबड्डी चैंपियनशिप 2025 के आयोजन की सहमति दी गई है. इस आयोजन पर 8 करोड़ 25 लाख 72 हजार 729 रुपए की स्वीकृति दी गई है। 15 देश के खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए 53 करोड़ 99 लाख ?8000 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

**मां कामाख्या महोत्सव:** पूर्णिया जिला अंतर्गत मां कामाख्या महोत्सव मेला को बिहार राज्य मेला प्राधिकार के प्रबंधन के अंतर्गत राजकीय मेला घोषित करने की स्वीकृति दी गई। मुजफ्फरपुर रामदयालु नगर रेलवे स्टेशन के बीच गोबर सही चौक के पास आरओबी के निर्माण के लिए 132 करोड़ 61 लाख 34760 रुपए की स्वीकृति दी गई।

**बीएलओ के मानदेय में बढ़ोतरी:** मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ के पास पारिश्रमिक मानदेय की राशि 1-4-25 से प्रति बीएलओ 6000 प्रति वर्ष से बढ़कर 9000 प्रतिवर्ष करने की स्वीकृति दी गई।

**सड़क ऊपरी पुल का निर्माण:** मुजफ्फरपुर हाजीपुर पथ पर तुर्की एवं राम दयाल नगर रेलवे स्टेशन के बीच सड़क ऊपरी पुल के निर्माण के लिए 248 करोड रुपए की स्वीकृति दी गई।

## फतेहपुर में दो मालगाड़ी आपस में टकराईं, टला बड़ा रेल हादसा



**एजेंसी/फतेहपुर**

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में दो मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। एक मालगाड़ी ने दूसरी मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो इंजन और एक गार्ड कोच बेपटरी हो गया। हादसे में एक लोको पायलट समेत दो रेलवे अधिकारी घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे विभाग मे हड़कंप मच गया। हादसे से रेलवे ट्रैक बाधित जो गया, राहत कार्य कर उसे सुचारू किया जा रहा है। हादसा खागा के समीप डीएफसी रेलवे ट्रैक पर हुआ। हादसा उस दौरान हुआ जब एक ही ट्रैक पर आगे-पीछे मालगाड़ी आ गईं और उनमें टक्कर हो गई। हादसे के बाद डीएफसी की अपलाइन हावड़ा-दिल्ली ट्रैक बाधित हो गया।

जानकारी के मुताबिक, जिले के खागा थाना क्षेत्र के गांव पांभीपुर इलाके के न्यू रसूलाबाद और न्यू सुजातपुर के बीच डेडीकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर लाइन पर मंगलवार सुबह हादसा हो गया। यहां कोयला से लदी खड़ी मालगाड़ी के पीछे से प्रयागराज-कानपुर की ओर से आ रही दूसरी मालगाड़ी ट्रेन पीछे से जा टकराई। दूसरी मालगाड़ी ट्रेन में भी कोयला लदा था। जोरदार टक्कर से तेज आवाज गूंज उठी। हादसे की जानकरी मिलते ही घटनास्थल पर रेलवे अधिकारी पहुंच गए। घायल लोको पायलट और को-पायलट को अस्पताल ले जाया गया।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आज डाले जाएंगे वोट, 8 को रिजल्ट

- दिल्ली में 13766 मतदान केंद्रों पर 1.56 करोड़ वोटर्स करेंगे मतदान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। वहीं 8 फरवरी को रिजल्ट घोषित होगा। इस बार आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और बीजेपी समेत कई राजनीतिक दलों और निर्दलीय समेत 699 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। दिल्ली में 13,766 मतदान केंद्रों पर 1.56 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे। इनमें 83.76 लाख पुरुष, 72.36 लाख महिलाएं और 1,267 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। चुनाव के दौरान पूरी राजधानी में करीब 80 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती गई है, जिसमें से मतदान केंद्रों पर 45 हजार जवान तैनात हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। राजधानी के 13,766 पोलिंग बूथों की सुरक्षा के लिए 45 हजार दिल्ली पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। इसमें 220 कंपनी आर्म्ड फोर्स के जवान शामिल हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी को 10 साल की एंटी इंनकम्बेंसी, पार्टी के अंदर नाराजगी का नुकसान उठाया पड़ सकता है। उधर, भाजपा ने भी अपनी चुनाव स्ट्रैटेजी में बदलाव कर मजबूत स्थिति बना ली है।

## गुजरात में भी लागू होगा यूसीसी पांच सदस्यीय समिति का गठन

**एजेंसी/गांधीनगर**

उत्तराखंड के बाद अब गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने यूसीसी लागू करने का ऐलान किया है। इसे लेकर एक कमेटी भी बनाई गई है। भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने और कानून बनाने के लिए पांच सदस्यीय पैनल गठित करने की घोषणा की है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सर्वोच्च न्यायालय की रिटायर्ड जज रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार आगे फैसला लेगी। कमेटी की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा, भारतीयता हमारा धर्म है और संविधान हमारा पवित्र ग्रंथ है। जैसा कि हम संविधान के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में एक समान कानून लागू करने का फैसला किया है।

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मतलब है देश में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना, चाहे उनका धर्म, जाति और जेंडर कुछ भी हो। यदि किसी राज्य में नागरिक संहिता लागू हो जाए तो वहां विवाह, तलाक, बच्चे को गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे जैसे सभी विषयों पर प्रत्येक नागरिक के लिए एक जैसा कानून लागू होगा।




## महाकुंभ में भगदड़ की घटना के बाद विपक्ष पर बरसे उप्र के सीएम योगी, बोले...

# हादसे की तह में जाएंगे, षडयंत्रकारियों को बेनकाब करेंगे

**केटी न्यूज/प्रयागराज**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर बरसे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर देश व दुनिया गौरव की अनुभूति कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्वों के द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य न इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर कराता है, बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार पहले दिन से महाकुम्भ के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इनका यह बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय व शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना कि मौनी अमावस्या में हजारों लोग मर गए, यह अफसोसजनक है। दोनों नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। इनका बयान गुमराह करने वाला है। दोनों दलों में प्रतिस्पर्धा है कि कौन कितना सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य दे सके।

सीएम ने कहा कि यह कहना कि कोई आंकड़े नहीं दिए गए, गलत है। प्रशासन ने भी आंकड़े दिए गए और मैंने भी उन्हें सबके सामने रखा। घटना दुखद थी। इससे हर कोई दुखी थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने मिलकर क्विक रिस्पांस से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। सीएम ने कहा कि उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में थे। सनातन धर्म विरोधी और यह दोनों दल चाहते थे कि बड़ा हादसा हो जाए। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि किसी भी स्थिति में जीरो हादसे तक लेकर जाएं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से यह घटना घटित हुई। प्रशासन व संबंधित संस्थाओं ने क्विक रिस्पांस से कार्य किया और उन्हें हॉस्पिटलाइज किया। इसमें कुछ लोग हादसे का शिकार हुए, यह दुखद है।

# सीएम नीतीश बोले... विभागों में रिक्त पड़े पदों को चिन्हित कर जल्द बड़े पैमाने पर की जाएगी बहाली

- 6837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं और अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए सीएम नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को 6,837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं और अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रुप से नवनियुक्त 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के माध्यम से आज विभिन्न विभागों के अंतर्गत नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं एवं श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत 496 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनः हम बिहार के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं और वहां की समस्याओं और जरूरतों से अवगत हो रहे हैं। हमलोगों को जिन समस्याओं या जरूरतों की जानकारी मिल रही है उनका यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। बड़े पैमाने पर बहाली भी की जाएगी। इसके लिए विभागों में रिक्त पड़े पदों को चिन्हित किया जा रहा है। वर्ष 2005 के पहले बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी जिससे आप सभी भंलीभांति अवगत हैं। हमलोग प्रारंभ से ही बिहार को आगे बढ़ाने में लगे लग हुए हुए हैं। केंद्र सरकार का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैं आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों से यही अपेक्षा करूंगा कि आप अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करेंगे। मैं एक बार फिर से आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा चयनित 6,837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं एवं अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं में जल संसाधन विभाग के द्वारा नवचयनित 2,338 अभ्यर्थियों, योजना एवं विकास विभाग अंतर्गत नवचयनित 1273 अभ्यर्थियों, ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत नवचयनित 759 अभ्यर्थियों, पथ निर्माण विभाग के द्वारा नवचयनित 530 अभ्यर्थियों लघु जल संसाधन विभाग अंतर्गत नवचयनित 484 अभ्यर्थियों, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अंतर्गत नवचयनित 478 अभ्यर्थियों, भवन निर्माण विभाग अंतर्गत नवचयनित 430 अभ्यर्थियों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से नवचयनित 49 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। मैं उन सभी विभागों को धन्यवाद देता हूं, जिनके द्वारा आप सभी अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने स्वागत संबोधन किया जबकि श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, उर्जा, योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री नीरज कुमार सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

### शाहजहांपुर में इरई-सरथुआ-खरभईया ग्रामीण सड़क मार्ग पर मिला शव

# पटना के दनियावां में दो युवकों की गोली मार हत्या, छह खोखे बरामद

- बेतिया और नालंदा के रहनेवाले दोनों युवक आपस में दोस्त थे
- पटना ग्रामीण एसपी व फतुहा डीएसपी ने घटनास्थल पर जाकर की जांच

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के दनियावां प्रखंड स्थित शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे के आस पास दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों युवक का शव थाना क्षेत्र के इरई-सरथुआ-खरभईया ग्रामीण सड़क मार्ग पर एक दूसरे से सौ मीटर की दूरी पर पड़ा मिला। मृतकों की पहचान बेतिया जिले के नौतन थाना निवासी आनंद कुमार और नालंदा के नगरनौसा थाना क्षेत्र के भोभी गांव निवासी सौरव कुमार के रूप में हुई है। दोनों दोस्त थे। ग्रामीणों से घटना की सूचना मिलते ही शाहजहांपुर थाना अध्यक्ष मुन्ना दास और दनियावां थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से छह खोखे बरामद किए हैं।

शुरूआती जांच में दोनों दोस्त की किसी से पैसों के विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। लोगों में दहशत का माहौल है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पटना ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग और फतुहा डीएसपी टू पंकज कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच की। वहीं घटना के संबंध में पटना ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि सुबह लगभग दस बजे शाहजहांपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि सरथुआ गांव के पास ग्रामीण रास्ते पर दो व्यक्तियों के शव पड़े हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि दो युवकों की गोली मारकर हत्या की गई है। मृतकों की उम्र 18 से 25 वर्ष साल के बीच थी। मृतकों की पहचान बेतिया जिले के नौतन थाना निवासी आनंद कुमार और नालंदा के नगरनौसा थाना क्षेत्र निवासी सौरव कुमार के रूप में हुई है। सौरव की मां बेतिया में ही एनएम के पद पर कार्यरत थी। वहीं सौरभ की दोस्ती आनंद से हुई थी, पिछले दस दिनों से आनंद सौरव के घर नालंदा जिला आया हुआ था। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि दोनों बाइक से एक साथ किसी दोस्त के फोन आने पर निकले थे। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया में दोनों देस्तों का किसी बात को लेकर किसी से पैसों का विवाद हुआ था, जिसमें इन लोगों के बीच झगड़ा हुआ होगा, जिसके चलते गोलीबारी हुई और इन दोनों की हत्या की गई। दोनों को दो और तीन गोलियां मारी गई हैं। दोनों की बॉडी लगभग 100 मीटर की दूरी पर थी, ऐसा मालूम होता है कि ये लोग वाहन से जा रहे थे। पुलिस को आशंका है कि मृतक किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल थे, क्योंकि युवकों के पास से मिले मोबाइल नोट में काफी मात्रा में नकदी, लेन-देन और हथियार के साथ के फोटो दिख रहे हैं।

### बाढ़ अनुमंडल में हिंसक झड़प में पति पत्नी समेत तीन लोगों की मौत



बिहार के पटना में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गयी। घटना जिले के बख्तियारपुर की है। बीती रात 2 फरवरी को तीन लोगों की चाकू गोदकर निर्मम हत्या कर दी गयी। शव को सड़क पर लाकर फेंक दिया गया ताकि घटना को सड़क दुर्घटना का रूप दिया जा सके। दरअसल, डायल 112 को सूचना मिली थी कि बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के थम्बा-बाजितपुर गांव के बीच सड़क हादसा हुआ है। पुलिस पहुंची और जख्मी लोगों को अस्पताल लाया। अस्पताल लाने के बाद पता चला कि तीनों को चाकू मारा गया है। डॉक्टर ने दंपती को मृत घोषित कर दिया और एक व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान हो गयी। मृतक की पहचान सुजीत कुमार, मनीष कुमार और पत्नी कंचन देवी के रूप में हुई है। तीनों फुलेलेपुर गांव के रहने वाले थे। घटना के बारे में एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि सुजीत कुमार ने जख्मी हालत में पुलिस को बयान दिया था। उसने बताया कि उसके दोस्तों ने साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया। बताया कि नवीन कुमार और सुजीत को उनके दोस्त साथ ले गए थे। सभी मिलकर सुजीत कुमार से मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान ससुसाल से आ रहे मनीष कुमार और उनकी पत्नी की नजर पड़ी। पड़ोसी को पिटता देख दोनों उसे बचाने के लिए चले गए। इसी दौरान दोनों को भी चाकू गोद दिया गया। घटना के संबंध में एसडीपीओ ने कहा कि नवीन कुमार से पूछताछ की गई। उसका ब्यान संदिग्ध पाया गया। उसे पुलिस हिरासत में लेकर इलाज कराया जा रहा है। नवीन को भी चाकू लगी है। एक अन्य संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताक्ष चल रही है। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी की जा रही है।

### स्टूडियो में रिकॉर्डिंग के साथ कलाकारों को मिलेगा प्रशिक्षण

**पटना।** बिहार में आने वाले दिनों में प्रदेश में फिल्म उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही जिलों में अटल कला भवन का निर्माण होगा। यह बातें कला संस्कृति मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार के सनातनी धरोहरों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिलों में अटल कला भवन निर्माण के जरिए कलाकारों को मदद मिलेगी। कहा कि स्टूडियो में रिकॉर्डिंग के साथ कलाकारों को प्रशिक्षण भी मिलेगा। फिल्म सिटी बनाने को लेकर केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एक वर्ष के दौरान विभाग की ओर से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। फिल्म प्रोत्साहन नीति को बीते वर्ष लागू किया गया।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान असामाजिक तत्वों ने पटना के नाला रोड में दुकानों में की तोड़फोड़

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में मूर्ति विसर्जन के दौरान असामाजिक तत्वों ने दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो से जा रही महिलाओं के साथ भी उस भीड़ में छुपे बदमाशों ने मारपीट की है। लोगों का कहना है कि सैदपुर होस्टल के छात्रों के द्वारा मूर्ति विसर्जन किया जा रहा था। अब स्थानीय लोग घटना से आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आगजनी करने लगे हैं। घटना कदमकुआं थाना क्षेत्र के नाला रोड की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरस्वती पूजा संपन्न करवाने को लेकर पुलिस प्रशासन काफी अलर्ट मोड पर थी। इस बीच शरारती छात्रों ने अचानक उत्पात मचाना शुरू कर दिया। कुछ युवक मूर्ति विसर्जन के लिये जा रही भीड़ में घुसकर अब दुकानों को टारगेट करने लगे थे। दुकानों के शीशे तोड़ने लगे। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता तब तक बदमाश दुकानों में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे लगे। बदमाशों के इस हरकत का जब कुछ दुकानदारों ने विरोध किया, तब आवेश में आकर बदमाश उन दुकानदारों पर ही टूट पड़े। बदमाशों ने कई दुकानदारों के साथ मारपीट भी की। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस दौरान बदमाशों ने लगभग एक दर्जन से अधिक दुकानों में तोड़फोड़ की और विरोध करने पर उन दुकानदारों के साथ मारपीट की। इस मारपीट की घटना में 5 से 6 दुकानदार घायल भी हुए हैं।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। पुलिस उन बदमाशों की धड़-पकड़ करने लगी। उधर पुलिस को कार्रवाई करते देख बदमाश वहां से फरार हो गये। हालांकि घटना के बाद सभी शरारती छात्र मौके से निकल गए। इस घटना से आक्रोशित दुकानदारों ने बुधवार के दिन नाला रोड की सभी दुकानों को बंद करने का आह्वान किया है। उनकी मांग है कि मूर्ति विसर्जन के दौरान भीड़ में शामिल आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर उनपर कार्रवाई करें। घटना के संबंध में दुकानदारों ने बताया कि सैदपुर हॉस्टल के छात्रों के द्वारा कई राउंड फायरिंग भी की गई है।




### नौ मार्च को बिहार आएंगे पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**पटना।** बाबा बागेश्वर उर्फ आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री अगले महीने बिहार आएंगे। यहां वह बिहार के बांका जिले में धोरैया प्रखंड अंतर्गत गोरा गांव स्थित दुर्गा मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और चंडी महायज्ञ में शामिल होंगे। उनके साथ जूना पीठ के पीठाधीश्वर पूज्य अवधेशानंद गिरी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बाबा बागेश्वर का यह कार्यक्रम 9 मार्च को होगा। इसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम के आयोजक कौशल सिंह ने बताया कि यज्ञ समिति के आचार्य पंडित गौरव कृष्ण चंद्र शास्त्री हैं। उनकी देखरेख में 4 मार्च को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में संध्या में भागवत कथा की शुरूआत कथावाचक संजीव कृष्ण ठाकुर करेंगे।

# सिकंदरा में बालू लदे ट्रक ने स्कॉर्पियो में मारी जोरदार टक्कर, तीन लोगों की मौत, चार गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**



जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे सिकंदरा मुख्य चौक पर हुआ। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

पुलिस ने स्थानीय लोगें की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जा रहा है कि नवादा जिले के रोह थाना अंतर्गत कुंज गांव से एक स्कॉर्पियो पर छह लोग सवार होकर लखीसराय जिले के कजरा थाना अंतर्गत अरवां गांव तिलक फलदान में गए थे। लौटने के दौरान सुबह करीब 3:00 बजे लखीसराय रोड से नवादा रोड प्रवेश करने के क्रम में जमुई से शेखपुरा की ओर तेज गति में बालू लेकर जा रहे 18 चक्का ट्रक ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिकंदरा चौक के समीप मिडिल स्कूल के गेट को तोड़ते हुए स्कॉर्पियो स्कूल के कैंपस तक जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में स्कार्पियो सवार रोह थाना क्षेत्र के कुंज गांव निवासी 62 वर्षीय अरुण सिंह, 66 वर्षीय रमाकांत सिंह और 70 वर्षीय वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई। वहीं कुंज गांव निवासी 50 वर्षीय विपिन सिंह, 14 वर्षीय कृपा शंकर गौरव, एवं स्कार्पियो चालक नवादा जिले के महुली गांव निवासी 35 वर्षीय वरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद मरने वालों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सांसद पप्पू यादव ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर सरकार से पूछे सवाल

# आम आदमी के लिए बोझ बनी जीएसटी की व्यवस्था

**केटी न्यूज/पटना**



पूर्णिया से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने जीएसटी, नोटबंदी, रोजगार संकट और महाकुंभ मेला अनियमितता जैसे मसलों को लेकर सरकार की नीतियों पर तीखा विरोध जताया। इसके साथ ही उन्होंने पूर्णिया में एम्स की स्थापना और उच्च न्यायालय के न्यायिक अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने की मांग भी की। पप्पू यादव ने कहा कि उन्होंने हमेशा से पूर्णिया के लिए एम्स की डिमांड की है और इसे सरकार के समक्ष भी उठाया है।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में दो-तीन जगह हाई कोर्ट के बेंच हैं। इसी प्रकार पूर्णिया में भी हाई कोर्ट का बेंच होना चाहिए। पप्पू यादव ने कोसी, सीमांचल और मिथिलांचल क्षेत्र के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में मखाना जैसे उत्पाद का बड़ा योगदान है, लेकिन इसे एक बोर्ड के गठन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पप्पू यादव ने कहा कि जब फैक्ट्रीज बंद हो जाएंगी और फूड प्रोसेसिंग पर कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा, तो इसका क्या असर होगा? उन्होंने अपनी बात में डालमिया नगर, चीनी मिल, पेपर मिल, दालचीनी मिल, सिल्क मिल, बंदूक फैक्ट्री और जूट मिल जैसी कई बंद फैक्ट्रियों का उदाहरण दिया। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार के इन इलाकों से सबसे ज्यादा पलायन होता है और यहां के लोग दिल्ली में बड़ी परेशानियों का सामना करते हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पूर्वांचल के लिए एक मंत्रालय का गठन किया जाए, जिससे इस क्षेत्र का नियमित और समग्र विकास हो सके। सांसद पप्पू यादव ने जीएसटी को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जीएसटी की कर व्यवस्था आम नागरिक के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने दावा किया कि चाय, दाल, नमक, साड़ी और चप्पल जैसी रोजमर्रा की चीजों पर तीन गुना जीएसटी लगाया गया, जो निम्न और मध्यम वर्ग के लिए बेहद कठिन हो गया है।

सांसद पप्पू यादव ने कुंभ मेले के दौरान हुई अनियमितताओं पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना था कि कुंभ मेले के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों की सही संख्या तक नहीं बताई गई और न ही उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाजों से किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुंभ मेले में एक विशेष ठेकेदार को लगभग 2000 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया, जिसने पहले भी 2013 और 2019 में यही काम किया था। पप्पू यादव ने पूछा कि क्या इन ठेकेदारों की जांच होगी?



# सीमा विवाद को लेकर कई घंटों तक ट्रैक पर पड़ा रहा युवती का शव

♦ एसपी के निर्देश पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, शिनाख्त का प्रयास जारी



**केटी न्यूज/बक्सर**

रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की मौत के बाद रेल पुलिस की संवेदनहीनता देखने को मिली। करीब चार घंटे के बाद बक्सर एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया। इसके पहले ट्रैक पर करीब चार घंटे तक उक्त युवती का शव पड़ा रहा। इस दौरान उसके उपर से कई ट्रेन गुजरी तथा कुत्ते व मांसाहारी पक्षी भी उसे नोच रहे थे।

जानकारी के अनुसार दानापुर-डीडीयू रेलखंड के बक्सर-वरुणा स्टेशन के बीच परसिया गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 20 से 25 वर्ष की एक अज्ञात युवती की मौत हो गई। उसका ट्रैक पर पड़ा था, लेकिन इसकी जानकारी के बाद भी रेल प्रशासन व स्थानीय थाने की पुलिस द्वारा संज्ञान नहीं लिए जाने से शव लावारिस हालत में पड़ा रहा। कई घंटों से लावारिस हालत में शव पड़े रहने से आवारा कुत्ते व पशुओं की नजर लग गई। बताया जाता रहा कि रेल पुलिस व स्थानीय पुलिस इस दौरान सीमा विवाद उलझ, शव को उठा पोस्टमार्टम कराने में हाथ खड़ा किये हुए थे। जब मीडिया को जानकारी मिली तो सूचना एसपी शुभम आर्या को दी गई। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने शव को उठा पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव उठाने तक युवती की पहचान नहीं हो पाई थी।

बताया जाता है कि मृत युवती लाल रंग की स्वेटर और काले रंग की सलवार पहने हुए थी। कुछ ग्रामीणों ने बताया उसे कुल्हड़िया गांव की ओर से रेलवे ट्रैक की तरफ जाते हुए देखा गया था, लेकिन किसी ने पूछताछ नहीं की। जब, घटना की सूचना मिली तो आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी, इसकी सूचना पुलिस कप्तान शुभम आर्य को दी गई, तब औद्योगिक थाना पुलिस हरकत में आई।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शव को उठा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। है। उन्होंने आशंका जताई कि युवती आसपास के ही किसी गांव की हो सकती है। वहीं, इस घटना के बाद रेल पुलिस की संवेदनहीनता की चर्चा हो रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमा विवाद के कारण शव की दुर्गति हो रही थी। इस दौरान कई ट्रेन भी गुजरी।

### कुल्हड़िया गांव की ओर जा रही थी युवती

बताया जाता है कि मृत युवती लाल रंग की स्वेटर और काले रंग की सलवार पहने हुए थी। कुछ ग्रामीणों ने बताया उसे कुल्हड़िया गांव की ओर से रेलवे ट्रैक की तरफ जाते हुए देखा गया था, लेकिन किसी ने पूछताछ नहीं की। जब, घटना की सूचना मिली तो आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी, इसकी सूचना पुलिस कप्तान शुभम आर्य को दी गई, तब औद्योगिक थाना पुलिस हरकत में आई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शव को उठा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। है। उन्होंने आशंका जताई कि युवती आसपास के ही किसी गांव की हो सकती है।

## एक नजर

### दुस्साहस : पैक्स अध्यक्ष के दरवाजे पर चढ़ शराब माफियाओं ने की हवाई फायरिंग व गाली गलौज


**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के बलुआ पंचायत के पैक्स अध्यक्ष प्रदीप मिश्र के दरवाजे पर चढ़ कुख्यात शराब माफिया दिनेश यादव व गुड्डु मिश्र ने गाली-गलौज करने के साथ ही हवाई फायरिंग कर दहशत मचाया है। पीड़ित ने बताया कि उनके दरवाजे पर शराब माफियाओं ने चार से पांच राउंड फायरिंग की है। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है।



पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक हथियार बरामद नहीं हुआ था। केशव टाइम्स से बातचीत के दौरान पैक्स अध्यक्ष प्रदीप मिश्र ने बताया कि अचानक उनके दरवाजे पर आकर दिनेश यादव व गुड्डु मिश्र गाली गलौज करने लगे तथा दहशत मचाने के लिए हवाई फायरिंग भी की है। प्रदीप ने बताया कि दोनों शराब के नशे में थे। इस घटना के बाद बलुआ के ग्रामीण डरे-सहमे हुए है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### राजपुर के त्रिकालपुर में किसान के घर लाखों की चोरी, जांच को पहुंची पुलिस

**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के त्रिकालपुर में सोमवार की रात्रि एक किसान के घर में कुछ अज्ञात चोरों ने घुसकर लाखों रुपए मूल्य की संपति की चोरी कर ली है, इसकी जानकारी जब घरवालों को हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। जहा पुलिस पहुंच मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि त्रिकालपुर निवासी किसान भूषण चौहान के घर के सभी सदस्य खाना खाकर प्रतिदिन की तरह सो गए। मंगलवार की सुबह जब जागे तो देख की घर के सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है और घर के मुख्य दरवाजा खुला है। तो सब हतप्रभ रह गए। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो वह भीड़ लग गई। घटना की सूचना राजपुर थाना को दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही पहुंची राजपुर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई। गृहस्वामी ने बताया कि घर में रखा गया नगदी, कुछ आभूषण व कीमती वस्त्र समेत लगभग लाखों रुपए के चोरी कर ली गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल की गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### जिले के दो प्रखंडों में दो महीने से नहीं हुआ है 15वीं वित्त राशि का खर्च

**केसठ।** जिले के दो प्रखंडों में 15वीं वित्त की राशि बीते एक माह से ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर ट्रांजेक्शन शून्य हुआ है। जिसके कारण पंचायतों में विकास योजना अधर में लटका हुआ है।

विदित हो कि केसठ और डुमरांव के मुन्ना सिंह और अनुपा देवी दोनों प्रमुखों पर पंचायत समिति सदस्यों द्वारा दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव लगाया गया है। जिसके बाद दोनों प्रमुखों ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दामन थामा है। लेकिन दोनों प्रखंडों में प्रमुख पद रिक्त होने के कारण 15 वीं वित से होने वाली पंचायत समिति का योजना अधर में लटका हुआ है। हालांकि, कोर्ट ने दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं दिया है जिसके कारण 15वीं वित में राशि की खर्च बीते एक महीने से शून्य हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में मामला चले जाने के कारण दोनों प्रखंडों में 15वीं वित से होने वाली कार्य रुक गया है।जिसके कारण क्षेत्र में विकास कार्य रुका हुआ है। बताते चले कि 15 वीं वित से होने वाली योजनाओं की राशि का भुगतान प्रमुख के डोंगल से होता है।

## सिर्फ प्रशासनिक कार्यभार ही संभालेंगे अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गिरीश

# सिविल सर्जन ने डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस से छीना वित्तीय प्रभार

♦ अब सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था देखेंगे सीएस
♦ सीएस के वित्तीय प्रभार को नहीं मिली थी विभागीय स्वीकृति



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर सीएस डॉ. शिव प्रसाद चक्रवर्ती ने डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह से वित्तीय प्रभार छीन लिया है। इस संबंध में सीएस ने एक पत्र भी जारी किया है, जिसके अनुसार उपाधीक्षक से वित्तीय प्रभार हटा सिर्फ प्रशासनिक कार्यभार की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

सिविल सर्जन के पत्रांक संख्या 447 दिनांक एक फरवरी 2025 के माध्यम से इसकी पुष्टि हुई है। पत्र संख्या 447 दिनांक एक फरवरी 2025 के आलोक में बताया गया है कि चूंकि उपाधीक्षक का पद विभागीय स्तर से घोषित किया जाता है, जबकि डॉ गिरीश कुमार सिंह को उपाधीक्षक सीएस कार्यालय के द्वारा जारी पत्रानुसार से ही हुआ था, ऐसे में बिना विभागीय अधिसूचना के ही निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित किये जाने को सीएस ने गैर कानूनी मानते हुए तत्काल प्रभाव से उनसे वित्तीय प्रभार हटा लिया है। ऐसे में अब अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह अब सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था संभालेंगे।

**कई बार उन पर लगाए गए हैं आरोप :** गौरतलब हो कि डॉ. गिरीश कुमार सिंह लंबे समय से डुमरांव अनुमंडल अस्पताल के डीएस के साथ ही निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी रहे है। इस दौरान उन पर कई बार आरोप भी लगे है, लेकिन अब नये सीएस द्वारा उन्हें वित्तीय पदभार से कार्यमुक्त किए जाने से स्वास्थ्य महकमें में कई तरह की चचाएं हो रही है।

**आदेश पर पूरे दिन होती रही लोगों के बीच चर्चा :** वहीं, सीएस के इस आदेश के बाद इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि बिना विभागीय स्वीकृति से वे कैसे इतने लंबे समय तक अनुमंडलीय अस्पताल का वित्तीय कार्यभार संभाल रहे थे। जबकि, इस दौरान कई सीएस भी बक्सर जिले में अपनी सेवा दे चुके है। ऐसे में बड़ा सवाल यह बन गया है कि क्या जानबूझकर नियमों को दरकिनार कर उन्हें वित्तीय प्रभार दिया गया था।

साथ ही, इसकी सूचना बक्सर डीएम, कोषागार पदाधिकारी, क्षेत्रिय अपर निदेशक, स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव और अपर मुख्य सचिव को पत्र के माध्यम से दी गई है।

### यह है मुख्य कारण : राज्य स्वास्थ्य समिति के स्तर से घोषित किया जाता है उपाधीक्षक का पद

सिविल सर्जन द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि अस्पताल के तत्कालीन उपाधीक्षक डॉ अनिल कुमार भट्ट को अधिसूचना संख्या 322(3) दिनांक 30.6.2021 के निदेर्शानुसार अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बक्सर घोषित किया गया था। इस घोषणा के बाद अनुमंडल अस्पताल में उपाधीक्षक का पद खाली हुआ जिसके उपरांत इसी कार्यालय के ज्ञापांक 2000 दिनांक 10.8.21 के निदेर्शानुसार डॉ. गिरीश कुमार सिंह को अस्पताल का उपाधीक्षक बनाया गया। उपाधीक्षक का पद विभागीय स्तर से घोषित किया जाता है। इसी नियम को ध्यान में रखते हुए डॉ सिंह से व्ययन का कार्यभार वापस ले लिया गया है। पत्र में बताया गया है कि अधिसूचित उपाधीक्षक के पदस्थापित नहीं रहने की स्थिति में संबंधित संस्थान के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन होते हैं, ऐसे में अब वित्तीय कार्यभार सीएस खुद संभालेंगे। पत्र के अनुसार उपाधीक्षक अस्पताल में सिर्फ प्रभारी उपाधीक्षक के रूप में चिकित्सकीय व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों का संपादन करेंगे।




### दुर्घटना में बाल-बाल बचे डुमरांव राज परिवार के महाराज व युवराज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव राज परिवार के महाराज चंद्रविजय सिंह व युवराज शिवांग विजय सिंह सोमवार की रात एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए, हालांकि उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना एनएच 922 पर भोजपुर जिले के बिहिया चौरास्ता के पास की है। इस मामले में शिवांग विजय सिंह ने बिहिया थाने में ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार राज परिवार के चंद्रविजय सिंह व शिवांग विजय सिंह अपनी टोयटा हाईलक्स कार पर सवार हो पटना से सड़क मार्ग से अपने घर भोजपुर कोठी आ रहे थे। जैसे ही वे लोग बिहिया चौरास्ता के पास पहुंचे कि एक ट्रक ने उनकी कार में सामने से टक्कर मार दिया। हालांकि, इस



दुर्घटना में महाराज चंद्रविजय सिंह व शिवांग विजय सिंह बाल-बाल बच गए, लेकिन उनकी कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संबंध में शिवांग विजय सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं लगी है, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बिहिया थाने में लिखित शिकायत दी गई है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही भोजपुर कोठी पर हाल चाल जानने वाले शुभचिंतकों की पूरे दिन भीड़ लगी रही।

### नेनुआ गांव में घर के बाहर से बाइक चोरी, एफआईआर दर्ज

♦ बेटे के साथ सोमवार की रात अपने गांव गए थे सुदर्शन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव से दरवाजे पर खड़ी एक बाइक को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। चोरी गई बाइक ग्रामीण सुदर्शन पाठक की है। उन्होंने डुमरांव थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

पुलिस को दिए आवेदन में सुदर्शन ने जिक्र किया है कि वे सोमवार की रात अपने पुत्र के साथ डुमरांव स्थित आवास से पैतृक गांव नेनुआ गए थे। रात में दरवाजे पर अपनी टीवीएस बाइक, जिसका रजिस्टेज्शन संख्या बीआर 44 सी 4797 है को खड़ी किया था। रात में अज्ञात चोरों ने बाइक चुरा लिया है। सुबह में जब मेरी नींद खुली तो दरवाजे से बाइक गायब थी। पीड़ित ने बताया है कि काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तब इस मामले में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

वही, इस घटना के बाद ग्रामीणों में चोर-उचक्कों का भय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई लोगों की बाइक व पालतू मवेशी दरवाजे पर ही रहते है। चोरों की सक्रियता से ग्रामीणों दहशत में है।

थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित के शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बाइक चोरी करने वाले चोरों की शिनाख्त किया जा रहा है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।







## कलेक्ट्रेट भवन की ऊपरी मंजिल में शिफ्ट हो रहा है एसपी कार्यालय

# खुशखबरी : सात फरवरी से एक छत के नीचे बैठेंगे जिलाधिकारी और एसपी

♦ शाहाबाद के डीआईजी करेंगे एसपी पुलिस कार्यालय का उद्घाटन

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है। जिसमें अब बक्सर जिले के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और एसपी शुभम आर्य अब एक ही छत के नीचे बैठ कर अपने अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। क्योंकि, सरकार के निर्देशों के आलोक में जिला मुख्यालय स्थित जिला समाहरणालय स्थित के ऊपरी मंजिल में बक्सर पुलिस का कार्यालय स्थानांतरित किया जा रहा है।

जिसका उद्घाटन आगामी सात फरवरी को शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश करेंगे। बताया जा रहा है कि डीआईजी बक्सर जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा करने आ रहे हैं। इसी क्रम में नए एसपी कार्यालय का उद्घाटन भी करेंगे। जिसकी सारी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है।

**लोगों को नहीं लगाना होगा कार्यालयों का चक्कर :** बताया जाता है कि जिले में कई ऐसे मामले हैं जिसमें फरियादियों और पीड़ितों को जिलाधिकारी कार्यालय और एसपी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है। लेकिन, एक ही छत के नीचे जिलाधिकारी व एसपी के बैठने से लोगों को दोनों कार्यालयों का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। वहीं, उनकी फरियादों और मामलों का निष्पादन भी जल्द होगा। इस खबर की सूचना मिलने से लोगों में काफी खुशी है।

**सारी तैयारियों कर ली गई हैं पूरी :** इस संबंध में पुलिस कप्तान शुभम आर्य ने बताया कि कार्यालय शिफ्ट करने के लिए पिछले कई वर्षों से इसको लेकर पत्राचार किया जा रहा था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। लेकिन अब पुलिस मुख्यालय से हरी झंडी मिलने के बाद जिला पुलिस कार्यालय को शिफ्ट करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। वहीं, नए पुलिस कार्यालय के कक्षों को आधुनिक बनाया गया है। ताकि, तकनीक के माध्यम से अपराध और अपराधियों पर नकेल कसा जा सके।

## कड़ी सुरक्षा के बीच कुशलपुर पंचायत के पैक्स का चुनाव के बाद मतगणना हुई संपन्न

# कांटे की टक्कर : मनोज तिवारी बने कुशलपुर पैक्स अध्यक्ष, प्रतिद्वंदी को 16 मतों से हराया

- डुमरांव बीडीओ ने दिया प्रमाण-पत्र
- 63 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड के कुशलपुर पंचायत के पैक्स का चुनाव व मतगणना मंगलवार को कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। जिसमें मनोज कुमार तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अयोध्या तिवारी को 16 मतों से पराजित किया। मतगणना संपन्न होने के बाद निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने जीत की घोषणा की तथा उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा।

इसके पूर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक मतदान कराया गया था। मतदान के लिए मध्य विद्यालय कुल्हवा में तीन मतदान केन्द्र बनाए गए थे। मतदान के दौरान पूरे दिन निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ के अलावे एसडीएम राकेश कुमार, डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत, अपर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा आदि विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रहे। वहीं, चुनाव के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। चुनाव व मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न होने से प्रशासनिक व पुलिस टीम ने राहत की सांस ली।

**पूरे दिन बना रहा गहमा गहमी का माहौल :** पैक्स चुनाव को लेकर कुशलपुर पंचायत में पूरे दिन गहमा गहमी का माहौल बना रहा। मतदान के दिन भी इस पंचायत में प्रत्याशियों के बीच होड़ देखी गई। इस दौरान मतदाताओं ने भी इस चुनाव के प्रति उत्साह दिखाया। बता दें कि इस पैक्स के चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी चुनावी समर में फतह हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे थे। वही, शुरू से ही मुख्य मुकाबला मनोज तिवारी व अयोध्या तिवारी के बीच माना जा रहा था। इन दोनों के अलावे चुनावी मैदान में अयोध्या तिवारी के पुत्र ज्योति प्रकाश तिवारी भी भाग्य अजमा रहे थे। हालांकि, उन्हें डमी कैंडिडेट माना जा रहा था तथा चुनाव में वे अपना जमानत भी नहीं बचा सकें। उन्हें मात्र 5 मत मिले थे।

**कांटे की लड़ाई में मुकद्दर का सिकंदर बने मनोज :** कुशलपुर पैक्स चुनाव में कांटे की लड़ाई देखने को मिली। इस दौरान विजेता व उप विजेता प्रत्याशियों के बीच मात्र 16 मतों का अंतर रह गया था। दोनों प्रत्याशियों को किसान मतदाताओं ने लगभग बराबरी पर रखा था। चुनाव परिणाम में यह देखने को भी मिला। मतगणना के दौरान कई बार दोनों प्रत्याशी एक दूसरे पर भारी पड़ते दिखे। हालांकि, अंत में मनोज तिवारी मुकद्दर के सिकंदर साबित हुए।

**निर्णायक साबित हुए रद्द मत :** इस पैक्स चुनाव में दोनों प्रमुख प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी थी। चुनाव प्रचार के दौरान कई बार दोनों प्रत्याशी इसे मूंछ की लड़ाई बता रहे थे। दोनों प्रमुख प्रत्याशियों ने इस चुनाव में मतदाताओं को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन इस चुनाव में रद्द मत ही निर्णायक साबित हुए। बता दें कि कुल 969 मतों में 56 मत रद्द घोषित किए गए। जबकि हार जीत का अंतर मात्र 16 मतों का था। ऐसे में चुनावी प्रेक्षक यह कह रहे है कि इस चुनाव में रद्द मत ही निर्णायक साबित हुए है। जानकारों का कहना है कि यदि इतने मद्द रद्द नहीं हुए रहते तो चुनाव परिणाम कुछ भी हो सकता था।



### तीनों बूथों को मिलाकर कुल 969 मत पड़े, 56 मत रद्द घोषित किए गए

कुशलपुर पैक्स के लिए कुल 63 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोगा किया। जानकारी के अनुसार इस पैक्स में कुल 1538 मतदाता थे। जबकि तीनों बूथों को मिलाकर कुल 969 मत पड़े। इनमें 56 मत रद्द घोषित किए गए। सुबह से ही मतदान के लिए बूथों पर लंबी लाइन लग गई थी। महिला मतदाताओं की संख्या भी काफी अधिक थी। दोपहर तक तीनों बूथों पर लंबी लाइन देखी गई। हालांकि, दोहपर के बाद मतदाताओं की भीड़ कम हो गई थी। बता दें कि इस पैक्स का चुनाव निर्वाचन आयोग ने पूर्व में रोक दिया था।

### बोले निर्वाची पदाधिकारी...

कुशलपुर पैक्स का चुनाव व मतगणना निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो गया। इस चुनाव में मनोज तिवारी ने अपने निकतम प्रत्याशी अयोध्या तिवारी को 16 मतों से पराजित किया है। चुनाव व मतगणना की सारी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई।

**– संदीप कुमार पांडेय, निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ डुमरांव**

### मतदान प्रक्रिया की झलकियां...



बीडीओ से प्रमाण पत्र लेते मनोज तिवारी



मतदान के दौरान सुरक्षा का निरीक्षण करते डुमरांव एसडीएम।



मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदाता।



बीडीओ के साथ सुरक्षा में तैनात डुमरांव थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी।

## एक नजर

### दसियांव में पारंपरिक फाग गीतों को गाकर दिया गया आपसी भाईचारे का संदेश



**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव स्थित मां जवरही मंदिर के परिसर में सोमवार की रात वसंत पंचमी के अवसर पर वसंतोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान पूरे गांव के लोग एकजुट होकर ढोलक, झाल, नगाड़े लेकर पहुंचे थे। जहां विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के गीतों से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में व्यास राधा मोहन दुबे ने अपने पारंपरिक गीतों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कहा जाता है कि वसंत पंचमी के दिन से ही ताल ठोंककर वसंतोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत होती है, जो 40 दिनों तक फाल्गुन मास पूर्णिमा के दिन तक चलती है। इस दौरान विभिन्न पारंपरिक गीतों को गाकर लोग झूमते हुए नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन बसंतोत्सव का कार्यक्रम सैकड़ों वर्ष पूर्व से ही चलता रहा है।जो हर साल कार्यक्रम किया जाता है। आज भी लोग गांव में इस पारंपरिक गीतों के माध्यम से इस परंपरा को निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में बच्चे, बूढ़े और युवा सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर गीतों का आनंद उठाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बसंतोत्सव कार्यक्रम हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। यह हमें आपसी भाईचारे एवं एकजुटता का संदेश देता है। इस मौके पर दीपक दुबे, आशुतोष पांडेय, श्यामा कांत दुबे, हरे राम दुबे, विजय दुबे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### भंडारे के साथ नवचंडी यज्ञ संपन्न, नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुई मां दुर्गा की प्रतिमा



**नावानगर।** सोनवर्षा के नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित के लिए आयोजित पांच दिवसीय श्री नवचंडी महायज्ञ सह भंडारा मंगलवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हो गया। इसके साथ मां दुर्गा की प्रतिमा मंदिर में विराजमान हो गई। पांच दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चर व विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं चंडी पाठ किया गया। इसके बाद हवन, महा आरती व पुष्पांजलि हुई। इस दौरान माता की जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। मां की प्रतिमा स्थापना के दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी, यजमान समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए थे। इसके बाद दोपहर दो बजे से भंडारा आरंभ हुआ। जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे में स्थानीय ग्रामीण के अलावा दूर-दराज से आये लगभग हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा यज्ञ संरक्षक जालिम तुरहा की देखरेख में की गई। बता दे कि बीते 30 जनवरी को बाली छेरा नदी में जलभरी शोभायात्रा के साथ पांच दिवसीय नवचण्डी यज्ञ प्रारम्भ हुआ था। पांच दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवचण्डी यज्ञ की गई। इसके बाद नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर हवन पूजन की गई। नवचण्डी यज्ञ के सफल आयोजन में मृत्युंजय ओझा, मनोज तुरहा,अजमेर खान, अजय गुप्ता, बिट्टू ओझा समेत अन्य ग्रामीणों की सराहनीय योगदान रहा।

## समय पर इलाज एवं जागरुकता से कैंसर को रोकना संभवः डॉ. गिरीश




**केटी न्यूज/डुमरांव**

विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को कैंसर की रोकथाम और इसके शुरूआती लक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में जागरूकता अभियान व स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की गयी, जिससे संभावित मामलों की शीघ्र पहचान करने में मदद मिली।

अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. गिरीश सिंह ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर के बारे में जागरूक करना है और उनके अंदर कैंसर को लेकर बने डर को कम कर कैंसर की रोकथाम की जानकारी देना है। उन्होंने कहां कि कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि समय रहते सही इलाज लेकर इस रोग को जड़ से मिटाया जा सकता है। डीएस ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों में कैंसर को लेकर काफी डर है, इसलिए वे समय पर डॉक्टर के पास नहीं जाते। जिससे यह रोग शुरूआत में पकड़ में नहीं आता। जब मामला गंभीर हो जाता है तो उपचार जटिल होता है। उन्होंने बताया कि बताया कि कैंसर पूरी तरह लाइलाज नहीं है। यदि, सही समय पर इलाज किया जाए तो मरीज सौ फीसदी ठीक हो सकता है। इसलिए कैंसर से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आने पर घबराने की बजाय फौरन डॉक्टर को दिखाएं। अलग-अलग कैंसर के लिए अलग-अलग नियम बनाए गए हैं। कैंसर की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि इसका सही समय पर पकड़ में आना।

## पूरे दिन बंद रहा मुरार डाकघर, लौटे उपभोक्ता

**चौगाई।** प्रखंड के मुरार गांव का डाकघर मंगलवार को बिना सूचना बंद था। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के दर्जनों ग्रामीण अपने कार्य व पैसा निकासी के सिलसिले में डाकघर आ रहे थे, लेकिन डाकघर में ताला लटकने के कारण शाम में उन्हें निराश हो वापस लौटना पड़ा। डाकघर के बिना सूचना बंद रहने से ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी है। डाकघर पर पैसा निकासी के लिए पहुंचे स्थानीय गांव के नंदलाल पंडित, पूर्व सरपंच रामू कुमार, वैदा के वीर बहादूर सिंह तथा उनकी पत्नी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे तक इंतजार करने के बाद वे लोग वापस लौटे है। ग्रामीणों ने बताया कि डाकघर बंद होने की सूचना तक नहीं दिया गया था और न ही कोई नोटिस चस्पाया गया था, जिससे ग्रामीणों को यह जानकारी मिल सकें कि आखिर किस कारण यह डाकघर पूरे दिन बंद रहा। बंद रहने से डाकघर से जुड़े उपभोक्ताओं को पूरे दिन का समय बर्बाद करना पड़ा। जबकि उनका काम भी नहीं हो सका। पूर्व सरपंच रामू ने कहा कि यदि डाकघर को अचानक बंद करना पड़ा होगा तो बंदी के कारण सहित बंद होने की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पाना चाहिए था। लोग अपना कई जरूरी काम छोड़ डाकघर के बाहर घंटों इंतजार करते रहे।

## 16 को होगा सनातन सम्मान समारोह



**केटी न्यूज/बक्सर**

16 फरवरी को चौसा च्यवन मुनि आश्रम स्थित महादेवा घाट पर विश्वामित्र सेना का आयोजित होने वाले सनातन सम्मान समारोह को लेकर मंगलवार को चौसा नगर पंचायत के स्थानीय बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक उपाध्याय ने की।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने व कार्यक्रम की सफलता को लेकर चर्चा की गई। राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर ने बताया कि राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे के आह्वान पर यह कार्यक्रम चौसा के प्राचीन सनातनी गौरव को पुनः स्थापित करने एवं महर्षि चवन ऋषि तथा महादेव घाट के धार्मिक महत्व को देश स्तर पर स्थापित करने की एक पहल होगी। इस दौरान चौसा उप प्रमुख एवं कार्यकारिणी सदस्य मोहित बाबा, वीरेंद्र कश्यप, भारत पांडेय, धनजी तिवारी, जितेश उपाध्याय, आकाश कुमार पांडेय, श्रीभगवान सिंह, राहुल कुमार राय आदि मौजूद रहे।





## जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत नए जलस्त्रोतों के निर्माण पर हुई चर्चा

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत कराया जाएगा जिले में नए तालाब का निर्माण: डीडीसी

- डीडीसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई परिचर्चा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत नए जलस्त्रोतों के निर्माण एवं निजी भूमि पर जलस्त्रोत बनाए जाने को लेकर उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल की अध्यक्षता में परिचर्चा का आयोजन समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई।



इस परिचर्चा में उप विकास आयुक्त ने पर्यावरण में बढ़ते असंतुलन के विषय पर चर्चा की तथा इस असंतुलन को पाटने के लिए अपना सुझाव दिए। डीडीसी ने कहा कि बिहार सरकार की जल जीवन हरियाली योजना को धरातल पर उतार पर्यावरण में बढ़ते असंतुलन को पाटा जा सकता है। डीडीसी ने कहा कि मस्त्य विभाग के द्वारा नये जल स्त्रोतों का निर्माण एवं निजी भूमि पर विकास योजना संचालित है। निजी भूमि पर नये जल स्त्रोतों के सृजन से वॉटर रिचार्ज में मदद मिलती है। इसके साथ-साथ यह किसानों के आय के बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान है। डीडीसी ने बताया कि नयें जल स्त्रोतों के सृजन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मत्स्य विशेष सहायता योजना अंतर्गत नये तालाब का निर्माण एवं संबंधित इकाई ट्यूबवेल पंपसेट का लगाने, यांत्रिक एरेटर का क्रय एवं तालाब के बांध पर शेड का निर्माण की योजनाएं चलाई जा रही है। जबकि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत नये तालाब का निर्माण कराया जाएगा। डीडीसी ने कहा कि पुराने निजी तालाबों के जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत पुराने निजी तालाबों का जीर्णोद्धार भी कराया जाएगा।

डीडीसी ने कहा कि इस काम को काफी तेजी से संचालित कराया जाएगा। ताकी बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित किया जा सकें। उन्होंने मातहतों को ऐसे लोगों को चिन्हित करने को कहा जो अपने निजी जमीन पर तालाब खुदवाना चाहते है। उन्होंने कहा कि जल जीवन हरियाली योजना को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है तथा बक्सर में इन योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से कराया जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्यूटीशियन कार्यशाला का समापन

**रामगढ़, एजेंसी।** स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा आयोजित तीन महीने की ब्यूटीशियन कार्यशाला का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. इस कार्यशाला में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें से 4 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बाद कार्यक्षेत्र में कदम रखा और अपनी सेवाएं देना शुरू कर दिया. कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना था. समापन समारोह के अवसर पर स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष, रीता सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्वल भविष्य की कामना की. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के अवसर देती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है. प्रतिभागियों ने समिति को उनके इस प्रेरणादायक कदम के लिए धन्यवाद दिया.

### कांग्रेस नेता के पुत्रों के उपनयन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को पूर्व झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के सुपुत्र राजवर्धन और यशवर्धन के उपनयन संस्कार कार्यक्रम में शिरकत की। यह कार्यक्रम बोकारो के कॉ-ऑपरेटिव कॉलोनी में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने राजवर्धन और यशवर्धन को आशीर्वाद और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने राजेश ठाकुर के बड़े भाई राजीव कुमार के सुपुत्र ऋषब को भी उनके उपनयन संस्कार की शुभकामनाएं दीं.

### गावां में बर्णवाल धर्मशाला निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**गिरिडीह, एजेंसी।** बर्णवाल समाज के सहयोग से गावां बाजार में बरनवाल धर्मशाला का निर्माण होना है. इसके लिए सोमवार को भूमि पूजन किया गया. भूमि पूजन पंडित विनोद उपाध्याय ने संपन्न कराया. कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे. बर्णवाल समाज के अध्यक्ष भगवान दास बर्णवाल ने कहा कि धर्मशाला बन जाने से बर्णवाल समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी. यहां बैठक, शादी-विवाह सहित अन्य सामूहिक आयोजनों में सहूलियत होगी. गरीबों को इससे ज्यादा सुविधा मिल पाएगी.भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे सुनील बर्णवाल ने कहा कि किसी भी समाज का धर्मशाला हो, उसे बनाने में हर लोगों को सहयोग करना चाहिए. भूमि पूजन के मौके पर हेमू बर्णवाल, दिनेश लाल, अशोक बर्णवाल, नीतीश कुमार, मंटू बर्णवाल, सोनू बर्णवाल, रंजीत बर्णवाल समेत कई लोग मौजूद थे.

### झलकडीहा में पंचायत सचिव की तबीयत बिगड़ी, मौत

**गिरिडीह, एजेंसी।** बेंगाबाद प्रखंड के झलकडीहा झलकडीहा निवासी पंचायत सचिव शिकार मरांडी (50 वर्ष) की रविवार की शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई. कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई. शिकार मरांडी देवरी प्रखंड में पंचायत सचिव के रूप में कार्यरत थे. रविवार की शाम तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस को फोन किया जा रहा था. लेकिन एंबुलेंस आने से पहले ही उन्होंने अपने आवास पर ही दम तोड़ दिया. घर में उनकी पत्नी के अलावा एक पुत्र व चार बेटियां हैं. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.एक अन्य समाचार के अनुसार, प्रखंड की मधवाडीह पंचायत के बरियारपुर गांव निवासी युवक चुन्ना सिंह की भी अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. बताया गया कि चुन्ना सिंह की तबीयत पहले से खराब चल रही थी. लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था. मौत की सूचना पाकर मुखिया सिद्दीक अंसारी व पंचायत समिति प्रतिनिधि उनके घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया. हर संभव मदद का अश्वासन भी दिया.

### पाटन के चिरइयांटांड़ में कंबल वितरण कार्यक्रम

**पलामू, एजेंसी।** पाटन प्रखंड के सेमरी पंचायत के जोड़ाखुर्द चिरईयांटांड़ में कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ. इसमें चिरइयांटांड़ में रहने वाले महादलित परिवार मुसहर जाति के 35 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. इसमें निजी खर्चे से पाटन के थाना प्रभारी लाल व पाटन पश्चिम के जिप सदस्य संग्राम सिंह के द्वारा कंबल बांटा गया. मौके पर सतौवा पंचायत के मुखिया अखिलेश पासवान, समाजसेवी संतोष पासवान, पाटन पुलिस, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह समेत कई लोग मौजूद थे. कंबल मिलने पर लोगों ने खुशी जताई.

# कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को बुलाया दिल्ली, सामने आई वजह, झारखंड में तेज हुई सियासत!



**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार में कांग्रेस कोटे के चार मंत्रियों समेत सभी विधायक नई दिल्ली जाएंगे। सभी को पांच फरवरी को आने को कहा गया है।

इसकी विधिवत सूचना भी विधायकों को प्रेषित की गई है। सभी विधायकों की छह फरवरी को वहां लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात प्रस्तावित है।

मुलाकात के दौरान कांग्रेस आलाकमान को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। नई सरकार गठित होने के बाद सभी विधायकों के साथ यह आलाकमान की पहली मुलाकात भी होगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी रांची आए थे, लेकिन उसे वक्त सभी विधायकों से मुलाकात नहीं हो पाई थी।

उधर, जमशेदपुर में कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष अरबिंद साहू ने मोदी सरकार की बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ये बजट उद्योगपतियों के लिए मलाई की तरह है।

इस बजट से उद्योगपति और भी अमीर बनेंगे और गरीबों और किसानों को सरकार ने झुनझुना पकड़ाने का काम किया है मजदूर वर्ग को 12 लाख तक छूट देकर पूराने स्लैब को बंद करने का रास्ता साफ कर लिया है।

नौकरी का रास्ता खोजने के बजाय पढ़े-लिखे लड़कों को ट्रेनिंग के नाम पर धकेला जा रहा है और उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

किसानों को अपने अनाज का उचित मूल्य पाने के लिए भी आंदोलन करना पड़ रहा है और मोदी सरकार पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रही है। गरीबों को दिए हुए कर्ज को जबरन वसूलने का काम सरकार करती है।

सलीम अंसारी को रांची जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है। रांची कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रमाण पत्र देकर कार्यभार सौंपा। ज्ञात हो कि सलीम अंसारी पूर्व में बेड़ो, इटकी प्रखंड में अध्यक्ष रह चुके हैं।

सलीम अंसारी को मनोनीत किये जाने पर पूर्व मंत्री सह लोहरदगा विधायक लोहरदगा डॉ. रामेश्वर उरांव, कांके विधायक सुरेश बैठा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद सहित दर्जनों कांग्रेसियों ने बधाई दी है। रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भाकपा जिला सचिव सह राज्य परिषद सदस्य प्रकाश रजक की अगुआई में कई भाकपा सदस्यों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में सभी नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। मौके पर कार्यालय प्रभारी सह ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, प्रवक्ता राकेश सिन्हा, सह प्रभारी राजेश वर्मा ने सभी को कांग्रेस का अंग वस्त्र एवं माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया।

## झारखंड में शिक्षकों की होगी बंपर बहाली, किस महीने तक पूरी होगी नियुक्ति प्रक्रिया, क्या बोले शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में 26001 सहायक आचार्य की नियुक्ति को लेकर पिछले माह सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में अपना निर्णय सुनाया है. इसके बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधिकारी इस सप्ताह झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. शिक्षा विभाग अगले शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी कर रहा है.

राज्य में नया शैक्षणिक सत्र अप्रैल से शुरू होगा. सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के निर्णय के बाद परीक्षा के रिजल्ट नये सिरे से तैयार करना होगा. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अब परीक्षा में शामिल केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सफल अभ्यर्थी नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जायेंगे. वहीं नियुक्ति में शामिल सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) को झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट नहीं मिलेगी.

सुप्रीम कोर्ट व झारखंड हाइकोर्ट के निर्णय के बाद इससे पड़नेवाले प्रभाव को लेकर इस सप्ताह स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधिकारियों की बैठक होगी. बैठक में कोर्ट के आदेश के विभिन्न पहलुओं पर विचार के साथ इससे पड़ने वाले प्रभाव पर भी विचार किया जायेगा. इससे सरकार को भी अवगत कराया जायेगा. पारा शिक्षकों के मामले में आगे के कानूनी पहलुओं पर विचार किया जायेगा. राज्य में 26 हजार सहायक आचार्य में से 13 हजार पद पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित है. जबकि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल पारा शिक्षकों की संख्या लगभग 11500 है.

झारखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए इससे पूर्व वर्ष 2015 में आवेदन मांगा गया था. वर्ष 2015 के आवेदन के आधार पर ही बाद में भी हाइकोर्ट के आदेश से शिक्षकों की नियुक्ति हुई है. ऐसे में वर्ष 2015 के बाद रिक्त हुए शिक्षकों के पद पर कोई नियुक्ति नहीं हुई है.

# प्रदेश को मिलने वाली है एक और सुपर फास्ट ट्रेन, रेल मंत्री ने कर दिया एलान




**रांची, एजेंसी।** झारखंड को जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सुविधा मिलने वाली है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की जानकारी दी है कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की प्रक्रिया जल्द ही पूरी की जाएगी, जिससे राज्य के यात्रियों को नई और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा। वंदे भारत ट्रेनें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होती हैं, जिनमें यात्रियों की आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

सोमवार को रांची रेल मंडल कार्यालय में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान नई दिल्ली से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी जुड़े। इस दौरान रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि वंदे भारत ट्रेन नेटवर्क को और भी विस्तारित किया जाएगा।अगले एक साल में पूरे देश में 200 वंदे भारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें और 50 नमो भारत ट्रेनें चलाने की योजना बनाई गई है। इन ट्रेनों में एसी और स्लीपर दोनों प्रकार की सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे यात्रियों को विभिन्न विकल्पों का लाभ मिलेगा।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का डिज़ाइन अत्याधुनिक है, जो यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करता है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में आरामदायक सीटें हैं, जो यात्रियों को लंबी यात्रा के दौरान आराम से बैठने की सुविधा प्रदान करती हैं।यह ट्रेन वाई-फाई और पावर आउटलेट्स से सुसज्जित है, जो यात्रियों को अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज करने और इंटरनेट का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करती है।वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों के लिए भोजन और पेय की सुविधा उपलब्ध है, जो उन्हें यात्रा के दौरान स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की सुविधा प्रदान करती है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में डिजिटल सुविधाएं जैसे कि डिजिटल स्क्रीन, ऑटोमेटेड डोर्स और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो यात्रियों को आधुनिक और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करती हैं।झारखंड के यात्रियों ने रांची से पुरी के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की है। फिलहाल इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया गया है, क्योंकि रांची रेल मंडल को इस संदर्भ में कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं।

# हमें कैंसर से डरना नहीं बल्कि लड़ना है: डॉ गुंजेश कुमार सिंह



**रांची, एजेंसी।** कैंसर जैसी बीमारी और इसकी गंभीरता के बारे में लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है. इस वर्ष 2025 में विश्व कैंसर दिवस की थीम ÷यूनाइटेड बाय यूनिक÷ है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है. पारस हॉस्पिटल एचईसी के अन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी है.

उन्होंने कहा कि हमें कैंसर से डरना नहीं बल्कि लड़ना है. भारत में सबसे अधिक ब्रेस्ट कैंसर, फेफड़े का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर और पेट का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है. हमारे गलत लाइफस्टाइल, खानपान, स्मोकिंग, ड्रिंकिंग, प्रदूषण, पेस्टिसाइड केमिकल से संक्रमित भोजन का सेवन कैंसर के प्रमुख कारण है. बेशक कैंसर एक खतरनाक बीमारी है लेकिन जीवन शैली में बदलाव और कैंसर बढ़ाने वाले रिस्क फैक्टर को दूर कर इसके 30 से 50 प्रतिशत खतरे से बचा जा सकता है. जल्दी जांच, सही इलाज और देखभाल कैंसर से बचाव का रास्ता है. डॉ गुंजेश ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी अहम है, जिसके जरिए शरीर से ट्यूमर हटाया जाता है. कीमोथेरेपी मेडिसिन के जरिए शरीर से कैंसर कोशिकाओं को खत्म किया जाता है और उनके ग्रोथ से बचाव किया जाता है. इम्यूनोथेरेपी के जरिए मरीज की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाई जाती है, जिससे मरीज मजबूती से कैंसर का मुकाबला कर सके. टार्गेट थेरेपी सीधे कैंसर सेल को टार्गेट करती है और उन्हें खत्म करती है. एक्सरे या गामा रेज का इस्तेमाल भी कैंसर को खत्म करने के लिए किया जाता है.

# गुरु गोविंद सिंह टेक्निकल कैंपस में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम



**बोकारो, एजेंसी।** गुरु गोविंद सिंह एजुकेशननल सोसायटी के बोकारो स्थित टेक्निकल कैंपस में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ. बोकारो चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, साइबर थाना, बैंकिंग संस्थान व डॉ राधाकृष्णन सहोदया कॉम्प्लेक्स के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए. स्वागत भाषण संस्थान के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार ने दिया. उन्होंने चैंबर व साइबर पुलिस की मुहिम की सराहना करते हुए इसमें सहयोग का आश्वासन दिया.

अभियान के संयोजक राजकुमार प्रिय व प्रशांत कुमार ने आगामी अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की. उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी अपने सुझाव दिए. निदेशक ने सोसायटी के टेक्निकल कैंपस के डॉ एपी वर्णवाल, डॉ आरपी वर्मा, प्रमोद कुमार, अपूर्वा सिन्हा व विधि सलाहकार पल्लवी प्रसाद को विशेषज्ञ के रूप में तथा कॉलेज के तकनीकी विद्यार्थियों को भी इस अभियान जोड़ने की बात कही. मौके पर बोकारो साइबर थाना के निरीक्षक अशोक कुमार, अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा, पीयूष जैन, रोशनी ठाकुर, अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे.

## तिलहन-दलहन उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की पहल शुरू- एससी दुबे

**गोड्डा, एजेंसी।** देश को तिलहन व दलहन उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ी पहल की जा रही है. इसके तहत देश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को अलग-अलग जोन में बांटकर सेमिनार के जरिए रणनीति तैयार की जा रही है. यह बातें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के कुलपति एससी दुबे ने कहीं. वह सोमवार को तिलकामांझी कृषि कॉलेज गोड्डा में आयोजित अटारी जोन 4, पटना की ओर से आयोजित सेमिनार में भाग लेने आए थे. सेमिनार में झारखंड व बिहार के 68 कृषि कॉलेजों के कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया. बीएयू के कुलपति दुबे ने इस मौके पर बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय के निर्देशानुसार देश के कुल करीब 750 सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को अलग-अलग जोन में बांटकर जोनल मीटिंग व रायशुमारी की जा रही है. इसमें दलहन और तिलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि वर्तमान में करीब 57 प्रतिशत तिलहन आयात किया जा रह है.

## झारखंड से दूसरे राज्यों में अधिक सुरक्षित हैं आदिवासी: राफिया नाज

**रांची, एजेंसी।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने मुख्यमंत्री के बयान को हास्यास्पद बताया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि पूरे देश में जहां कहीं भी आदिवासी हैं, वे झारखंड आएं, हम उन्हें बसायेंग. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राफिया नाज़ ने कहा कि हकीकत यह है कि झारखंड के आदिवासी आज असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य राज्यों में आदिवासी पूरी तरह से सुरक्षित हैं. बांगलादेशी घुसपैठियों के कारण राज्य में आदिवासी समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है. कहा कि मुख्यमंत्री पहले राज्यभर के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को सुनिश्चित करें फिर आमंत्रण दें.

**लगातार बांगलादेशी घुसपैठियों का हो रहा है कब्जा :** राफिया नाज़ ने कहा, ÷झारखंड के आदिवासी समुदाय की भूमि और संसाधनों पर लगातार बांगलादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है, जो न केवल उनके अस्तित्व के लिए खतरा बन चुका है, बल्कि उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को भी मिटाने की साजिश की जा रही है. यह घुसपैठी गतिविधियां झारखंड के सांप्रदायिक और सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचा रही है. बांगलादेशी घुसपैठियों का लगातार बढ़ता प्रभाव राज्य की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका है.

# रांची टाटा रोड पर भीषण हादसा, दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**रांची/खूंटी, एजेंसी।** रांची-टाटा मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. यह भीषण हादसा तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव के पास हुआ. मृतकों में जमशेदपुर के गोलमुरी निवासी 25 वर्षीय रितु राज कुमार और 20 वर्षीय जान्हवी कुमारी शामिल हैं, जबकि रितु राज की बहन रोहिणी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई.

जानकारी के अनुसार, वैगनआर कार में सवार होकर तीन लोग जमशेदपुर से रांची में एक शादी समारोह में गए थे. सोमवार की सुबह तीनों कार से जमशेदपुर वापस लौट रहे थे, तभी रड़गांव के पास खड़ी एक ट्रेलर में कार ने पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर हो गई और कार में सवार तीनों लोग कार में फंस गए.

हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तमाड़ पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही तमाड़ थाना प्रभारी रोशन झा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकाला. जिसमें रितु राज और जान्हवी कुमारी की मौत हो चुकी थी, जबकि रोहिणी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई थी. थाना प्रभारी ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया.

बताया जा रहा है कि रोहिणी सिंह की हालत गंभीर है. थाना प्रभारी रोशन झा ने बताया कि उन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना दी कि रड़गांव के पास खड़ी ट्रेलर से एक कार टकरा गई है. दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार के अंदर तीन लोग फंस गए. मौके पर पहुंची पुलिस ने दो शवों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल भेजा. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हुई है.

# निकाय चुनाव और कांग्रेस कमेटी के गठन पर हुई खास चर्चा, गुलाम अहमद मीर बोले- पार्टी में गुटबाजी और खींचतान बर्दाश्त नहीं होगी



**रांची, एजेंसी।** राजधानी के ओरमांझी में झारखंड प्रदेश के कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई. इस दौरान राज्य में कांग्रेस संगठन को धारदार बनाने के साथ-साथ निकाय चुनाव और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन पर विस्तृत चर्चा हुई. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर भी उपस्थित रहे.इस दौरान पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्यों ने संगठन के संबंध में अपने-अपने विचार रखे. साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर खुलकर चर्चा हुई. आसन्न नगर निकाय चुनाव की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख तथ्यों पर सदस्यों ने अपनी-अपनी बात भी रखी.

**गुलाम अहमद मीर की सख्त चेतावनी :** सदस्यों के विचारों को जानने के बाद प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हमें झारखंड में संगठन के मजबूतीकरण की दिशा में काम करना होगा. आने वाले कुछ दिनों के अंदर सभी के सुझावों के अनुरूप प्रदेश कमेटी का गठन कर दिया जाएगा. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम करने वालों को ही कमेटी में जगह मिलेगी न कि गणेश परिक्रमा करने वाले लोगों को.गुलाम अहमद मीर ने कहा कि ऐसे लोगों को पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस कमेटी) में रखा जाएगा जो पहले से ही संगठन के क्रियाकलाप, आंदोलन में और पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं. विगत लोकसभा चुनाव से लेकर वर्तमान के विधानसभा चुनाव में सक्रिय रहने वाले लोगों को संगठन में उचित स्थान और मान सम्मान दिया जाएगा.

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए काम करने वाले लोगों की समीक्षा लोकसभा चुनाव के समय से ही लगातार जारी है. पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, संगठन और सरकार के बीच समन्वय के लिए एक रोड मैप तैयार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया जाएगा. गुलाम अहमद ने कहा कि एक मजबूत संगठन के लिए बेहतर कार्य योजना की आवश्यकता होती है. संगठन मजबूत रहेगा तभी हम विरोधी दलों से जीत सकते हैं.

**संगठन में गुटबाजी और आपसी खींचतान बर्दाश्त नहीं- मीर :** पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस में गुटबाजी और आपसी खींचतान को नाकाबिले बर्दाश्त बताते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सभी के लिए यह चेतावनी है कि संगठन में खींचतान बंद करें और अपना हर कदम संगठन की मजबूती के लिए बढ़ाएं. संगठन हित में किया गया कोई भी काम राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूती प्रदान करता है. आज हम जिन मुद्दों को लेकर देश में संघर्ष कर रहे हैं, उन मुद्दों पर जीत के लिए आपसी एकता बहुत जरूरी है. गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विभाजनकारी शक्तियां देश को तोड़ने में लगी हैं. हमें उनके खिलाफ लड़ना है इसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा.

बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2025 का वर्ष कांग्रेस संगठन के सशक्तिकरण का वर्ष है. आने वाले कुछ महीनों में हमें एक और चुनावी परीक्षा से गुजरना है. इस परीक्षा में पास करने के लिए हमें एक दूसरे का साथ देना होगा. नगर निकाय चुनाव में हमारी जीत होती है तो यह संगठन के लिए बेहतर होगा क्योंकि नगर निकाय चुनाव वार्ड स्तर से होते हैं और संगठन की पहली सीढ़ी वार्ड स्तर से शुरू होती है.झारखंड कांग्रेस सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हमें नए लोगों को पार्टी से जोड़ना होगा. कांग्रेस के विचारों से लोगों को अवगत कराना होगा. सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकार और कांग्रेस की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाना होगा ताकि हम जनता का भरोसा जीतने में कायम हो सके.वहीं, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सभी मंत्री और विधायक अपने कार्यों से जनता का दिल जीते और कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दें. कार्यकर्ता मजबूत होंगे तो संगठन मजबूत होगा. संगठन के नेताओं-कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह जनता के करीब जाएं. उनकी समस्याओं को जाने, उसके निराकरण की दिशा में प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर प्रयास करें ताकि लोगों का हमसे जुड़ाव हो. कांग्रेस की मजबूती के लिए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना जरूरी है, सामाजिक समीकरणों के हिसाब से भी संगठन की मजबूती की दिशा में काम करना चाहिए. पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में प्रमुख रूप से सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक अनूप सिंह, ममता देवी, सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोंगाडी, सोनाराम सिंकू, रामचंद्र सिंह, कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह , आवयस बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पाल मुजनी, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित कई नेता शामिल हुए.

## सुभाषितम्

शुरूआत करने का तरीका है, कि बातें बंद करें और काम शुरू करें

- वाल्ट डिज्नी

# मोदी ट्रंप की दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगी दोनों ही नेता एक दूसरे को अपना दोस्त बताते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका की अन्य देशों के साथ ट्रेड बार शुरू हो गई है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। भारत से अवैध रूप से अमेरिका में गए हजारों भारतीयों को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने जो सख्त रवैया अपना रखा है। आयात निर्यात व्यापार में असंतुलन होने के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के ऊपर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद चीन सहित तीन देशों पर टैरिफ को बढ़ा दिया है। अमेरिका की सरकार ने टैरिफ लगाने का जो कारण बताया है उसमें फेंटानाइल केमिकल को सबसे बड़ा कारण बताया है। यह अमेरिका में घातक नशे के रूप में फैलाया जा रहा है। यह एक दर्द निवारक औषधि के रूप में उपयोग में लाया जाता है। यह हेरोइन से 50 गुना अधिक शक्तिशाली होता है। अमेरिका का कहना है कि यह चीन से तैयार होकर मैक्सको भेजा जाता है। वहां से अमेरिका भेजा जाता है। अमेरिका में इस नशे के कारण हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके कारण टेरिफ बढ़ाने का निर्णय अमेरिका की सरकार ने लिया है। इस मामले में भारत का नाम भी सामने आ रहा है। फेंटानाइल को तैयार करने में दो रासायनिक पदार्थ, गुजरात से चीन भेजे जाने का प्रमाण अमेरिकी सरकार के पास उपलब्ध है, जिसके कारण भारत पर भी अमेरिका टैरिफ लगाने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्थिति में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बात करके मामले को आपसी सहमति से सुलझाने की दिशा में जो प्रयास किया था, उसमें भारत को आंशिक सफलता प्राप्त हुई है। भारत ने अमेरिका से जो सामान आयात हो रहा है उसमें टैरिफ घटा दिया है। भारतीय अवैध प्रवासियों को भी भारत वापस ले रहा है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के पहले व्यापारी हैं, उन्हें पता है कि किस तरह से दबाव बनाकर ज्यादा से ज्यादा फायदा लिया जा सकता है। अमेरिका के दबाव में भारत आ गया है। एक तरह से भारत ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 12 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर भारत के साथ अपने संबंधों की समीक्षा करेंगे। अभी तक भारत सरकार ने अमेरिका की यात्रा का कोई आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत से 10 फरवरी को पेरिस जा रहे हैं। फ्रांस का दौरा खत्म कर वह 12 फरवरी को अमेरिका पहुंचेंगे। 13 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बैठक होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मोदी के सम्मान में एक डिनर का आयोजन करेंगे। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच में व्यापार टैरिफ रक्षा सहयोग हैंड प्रशांत महासागर तथा चीन के साथ संबंधों को लेकर चर्चा हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को चेतावनी देते हुए और दबाव बनाकर जो हासिल करना चाहते थे वह कर लिया है। भारत को ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में लिए गए निर्णय, जिसमें डॉलर मुद्रा के स्थान पर अन्य मुद्राओं में व्यापार करने की सहमति बनी थी उससे भारत को दूर करना था। अमेरिका की धमकी का असर हुआ और भारत ने डॉलर की सर्वोच्चता स्वीकार कर ली है। अवैध प्रवासी भारतीयों को भी वापस लेने के लिए भारत तैयार हो गया। अमेरिका से आयातित वस्तुओं के लिए टैरिफ भी भारत ने घटा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच में जो तनाव बना था, वह बर्फ की तरह तेजी से पिघल रहा है। 13 फरवरी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दोस्त के रूप में एक दूसरे के गले मिलेंगे और एक दूसरे के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय करेंगे। अमेरिका को भारत की बहुत आवश्यकता है। चीन और रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत की भूमिका को अमेरिका गंभीरता के साथ देखता है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर जो स्थिति बनी हुई है उसको देखते हुए यह माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है कि वह अमेरिका और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नाराज करें। ऐसी स्थिति में अमेरिका जो चाहता है वह भारत को करना पड़ेगा।

## चिंतन-मनन

### प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव, कहाँ बंधेंगे बसंत?

**- राकेश अचल**

देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थम चुका है। आप जब ये पंक्तियाँ पढ़ रहे होंगे तब दिल्ली की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही होगी। दिल्ली में इस बार विधानसभा चुनाव दिलचस्प हैं ,क्योंकि इस बार दिल्ली में सत्ता के छींके पर तमाम बिल्लियों की नजर है। अब देखना ये है कि भाजपा बिना योगी आदित्यनाथ के दिल्ली में सत्ता का छींका अपने कब्जे में कर पाती है या नहीं। महाकुम्भ की वजह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले पाए हैं।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव इस बार दिलचस्प इसलिए है क्योंकि इसमें जो दोस्त थे, वे दोस्त नहीं रहे और जो दुश्मन थे वे एक न होकर भी एक साथ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर हमलावर हैं। दिल्ली विधानसभा का चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के लिए भी नाक का सवाल बना हुआ है। भाजपा यदि चुनाव नहीं जीतती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित लोकप्रियता पर बट्टा लग जायेगा। कांग्रेस चुनाव नहीं जीतती तो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एक अकुशल योद्धा साबित हो जायेंगे और आम आदमी पार्टी यदि सत्ताच्युत होती है तो अरविंद केजरीवाल का शीराजा बिखर जाएगा।इस चुनाव में परीक्षा मैनेजमेंट,मशीन और मशीनरी की भी होना है।

मेरा अपना आकलन है कि इस बार कोई जीते या न जीते लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अरवविंद केजरीवाल नहीं जीतने वाले। भाजपा ने उन्हें हारने के लिए वो ही फामूर्ला इस्तेमाल किया है जो 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के तत्कालीन श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को हारने के लिए किया गया था। सिंधिया मध्यप्रदेश में अजेय माने जाते थे।अरविंद केजरीवाल को हराये बिना भाजपा दिल्ली जीत भी नहीं सकती। उन्हें भाजपा और कांग्रेस दोनों ने घेर लिया है। वे दोहरे चक्व्र्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं। उन्हें ये चक्रव्यूह भेदना आता है लेकिन शायद ही वे कामयाब हो पाएं। इस चुनाव में टीम केजरीवाल के तीन प्रमुख योद्धाओं की शामत आने वाली है ,ये हैं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ,मुख्यमंत्री आतिशी मेम ,पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।



ये तीनों हारे और आम आदमी पार्टी जीत भी गयी तो कोई मतलब नहीं है। दिल्ली में फैसला उन अल्पसंख्यकों के हाथों में है जो पिछले 44 साल से भाजपा के निशाने पर हैं।दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मतदान से दो दिन पहले प्रमुख राजनीतिक दलों, खासकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की नजरें मुस्लिम बहुल मानी जाने वाली करीब 22 सीटों पर टिकी हैं। इनमें से पांच सीट सीलमपुर, मुस्तफाबाद, मटिया महल, बल्लीमारान और ओखला सीट से अक्सर मुस्लिम उम्मीदवार ही विधानसभा पहुंचते रहे हैं, भले ही वे किसी भी दल से हों।

दिल्ली में बाबरपुर, गांधीनगर, सीमापुरी, चांदनी चौक, सदर बाजार, किराड़ी, जंगपुरा व करावल नगर समेत 18 सीट ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी 10 से 40 फीसदी मानी जाती है और इन क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय निर्णायक भूमिका अदा करता रहा है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, दिल्ली में मुस्लिम आबादी करीब 13 फीसदी थी। जानकार मानते हैं कि इस बार मुस्लिम मतदाता सत्तारूढ़ ह्यआपह्ल और कांग्रेस को लेकर असमंजस में है।चुनाव से ठीक पहले संसद के बजट सत्र में मुस्लिम वक्फ बोर्ड को लेकर जो कुछ हो रहा है उसका असर भी दिल्ली विधानसभा चुनाव पर पड़ने वाला है। प्रयागराज के महाकुम्भ में भगदड़ में हुई मौतें भी दिल्ली के मतदाता को प्रभावित कर सकतीं हैं। आम बजट और दिल्ली में भाजपा के पास योगी आदित्यनाथ की अनुपस्थिति भी एक बड़ा कारक होने वाली है। मतदान कि दिन संगम में र्प्धानमंत्र की प्रस्तावित डुबकी भी अंतिम अस्त्र साबित हो सकती है। हालाँकि प्रधानमंत्री यदि गंगा कि बजाय यमुना में डुबकी लगते तो शायद उन्हें ज्यादा पुण्य फल मिलता। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार यमुना,जहर शराब के अलावा अजा,जजा और पिछड़ावर्ग भी एक चुनावी मुद्दा रहा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सबसे बड़ा ओबीसी नेता बता चुके हैं। अब देखना है कि किरेन कीबात सच साबित होती है या नहीं। दिल्ली विधानसभा की चुनाव हालाँकि बहुत छोटा चुनाव है किन्तु इस चुनाव ने सभी दलों और नेताओं को दिन में ही तारे दिखा दिए हैं। ये चुनाव महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों से भी ज्यादा दिलचस्प हो गए हैं। भाजपा को दिल्ली में दिया तले का अन्धेरा दूर करना है और कांग्रेस को दिल्ली जीतना नहीं है केवल अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाना है,क्योंकि केजरीवाल ने विपक्षी एकता में सेंध लगाने का पाप किया है। अब दीखिये 8 फरवरी को कौन सा दल और किस दल के नेता बसंत मनाते हैं?

# महाकुंभ में आत्मशुद्धि के लिए ब्रह्माकुमारीज दे ही है ज्ञान !

**- डॉ श्रीगोपाल नारसन**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने एक ऐसा दिव्य एवं भव्य शिविर लगाया हुआ है,जिसे देखकर सतयुग का आभास होता है। इस आध्यात्मिक मनमोहक झांकियो से सुसज्जित शिविर में कलयुग से सतयुग तक की ज्ञानवर्धक झांकियां लगाई गई हैं। डिजिटल तकनीक के माध्यम से विभिन्न युगों के दृश्यों को दर्शाने का प्रयास किया गया है।तभी तो प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु ब्रह्मकुमारीज के इस शिविर का दीदार करने पहुंच रहे हैं। ये झांकियां लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही हैं,साथ ही श्रद्धालुओं की जिज्ञासा का समाधान भी ब्रह्माकुमारी बहनो व भाईयो द्वारा किया जा रहा है।ब्रह्माकुमारीज ने अपने इस शिविर में युग परिवर्तन को रेखांकित किया है।जिसमें सबसे पहले कलयुगी कांटों का जंगल दिखाया गया है, जिसमें यह दशार्या गया है कि आज के समय में समाज में रहने वाला मनुष्य दिखने में तो मनुष्य है, लेकिन उसके अंदर के जो विकार हैं,जो विकृत मनोवृत्तियां हैं, उन मनोवृतियों के कारण आज वह पशु के समान व्यवहार कर रहा है।चाहे वह लोभवृति है, चाहे अहंकार वृत्ति है या फिर काम वृत्ति है ,ये सभी मनुष्य के जीवन को पतन की तरफ ले जा रही हैं।जबकि समय की मांग यह है कि हमें अगर इस कलयुगी जंगल को बदलना है तो उसके लिए सबसे पहले हमें अपने अंदर की इन दूषित मनोवृतियों को खत्म करना पड़ेगा।दूषित मनोवृतियों को खत्म करने के लिए हमे आत्मबोध में रहकर परमात्मा का ध्यान करना होगा।तभी हम पतित से पावन बन सकते है।आज जिसे हम सामाजिक बुराई के रूप में देख रहे हैं जिसके तरह मनुष्य, मनुष्य को बिना किसी संवेदना के मार रहा है। मरने वाला भी मनुष्य है और जो मार रहा है वह भी मनुष्य है, लेकिन किसी के अंदर कोई भी संवेदना नहीं है,संवेदनहीन मनुष्य आज कैसे गिरावट की ओर इस समाज को लेकर जा रहा है। हम सब इस समाज के मनुष्य हैं और हमारी हर एक की ड्यूटी है कि हम अपने समाज को बदलने के लिए पहले स्वयं को बदले ।जिसकी शुरूआत स्वपरिवर्तन से करनी पड़ेगी। अगर हम अपने से परिवर्तन शुरू करेंगे तो हम अपने समाज का, अपने देश का और सारे विश्व का परिवर्तन कर सकते हैं। भगवान हमें जो सिखाते हैं वह संस्कार परिवर्तन से संसार का परिवर्तन हो जाएगा, यानि पहले हम



अपने संस्कारों को बदलें फिर दूसरे संस्कारों को बदलना होगा। हमें अपने अंदर की दिव्यता को रूहानी मूल्यों को, नैतिक मूल्यों जागृत करना पड़ेगा।परमात्मा ने हमें जो आध्यात्मिक ज्ञान दिया हुआ है जो हमें स्वयं की पहचान दी हुई है, जब हम अपने आप को जान लेते हैं, अपनी वास्तविकता को पहचान लेते हैं तो हम अपने अवगुणों को सहज रीति से छोड़ पाते हैं। फिर जो हम अपने जीवन में बदलाव लाते हैं उससे हमारे आसपास का वायुमंडल है जो संबंध हैं उनमें भी परिवर्तन आता है।उस परिवर्तन के लिए भगवान हमें आध्यात्मिक ज्ञान दे रहा है।जब हम परिवर्तित होंगे तो हम युग का परिवर्तन कर सकते हैं और जब युग परिवर्तन होगा तो हम नकारात्मक से सकारात्मक की ओर जाएंगे,तभी हम कलयुग से सतयुग में प्रवेश कर सकते हैं। दुनिया तो बाद में बनेगी पहले हमें अपने आप को सतयुगी बनाने की जरूरत है। हमें सतयुगी संस्कार सतयुगी गुण अपने जीवन में धारण करने की आवश्यकता है। हमें अपनी बुराइयों को छोड़ने की आदत डालनी होगी।हम अपने जीवन में आध्यात्मिकता को लाते हैं तो स्वतः धीरे-धीरे हमारी मनोवृत्तियां और जो विकार हैं वह हमारे से समाप्त होते चले जाते हैं। महाकुंभ प्रयागराज में ब्रह्माकुमारीज के इस स्वर्णिम भारत ज्ञान कुंभ शिविर जो कि 10 जनवरी से 16 फरवरी तक संचालित है ,में विभिन्न प्रकार के मंडपों को 2 एकड़ भूमि में सजाया गया है 'जिसमें चैतन्य देवियों की झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र है' इसके बाद साहित्य स्टाल लगाया गया है 'भारत माता मंडपम और होलोग्राम शो जिसमें निराकार परमात्मा शिव को लेजर किरणों द्वारा विभिन्न रंगों के द्वारा प्रदर्शित किया गया है' यह मंडप बहुत ही मनोरम व आकर्षण का केंद्र है और भारी भीड़ को आकर्षित कर रहा है ' युग परिवर्तन दिव्य दर्शन के अंतर्गत विचित्र कलयुगी जंगल और सतयुग को बहुत बारीकियां से चित्रों द्वारा समझाया गया है' शिविर में ग्राम विकास प्रभाग द्वारा यौगिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है कि किस प्रकार हम जैविक खादों के प्रयोग से उन्नत और पौष्टिक अन्न और सब्जियों को उत्पन्न कर सकते हैं 'माइंड स्पा मंडप में संकल्पों द्वारा मन की सकारात्मक को विकसित करने की तकनीकी बहुत बारीकी से सिखाई जा रही है । संस्कारनिष्ठ मूल्य नगरी मंडप में मनुष्य के जीवन में खेल-खेल में किस तरह से संस्कारों को परिष्कृत किया जाए, यह बहुत जल्दी आसानी से माता-पिता को सिखाया जाता है 'साथ ही दिव्य चरित्र ज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई है जिसमें विभिन्न प्रकार के आध्यात्मिक रहस्य को समझाया जाता है ।वास्तव में ब्रह्माकुमारीज के इस विशाल एवं आध्यात्मिकता से लबरेज शिविर में आकर लगता है ,जैसे ब्रह्मांड ही नही ,सभी युगों व परमधाम के भी दर्शन कर लिए हो।

**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ साहित्यकार है)**

## दिल्ली चुनाव में कांग्रेस की बढ़ती संभावनाएं

**-सुधांशु द्विवेदी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार की सरगर्मी अब थम गयी है। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी जहां एक ओर पुनः चुनावी फतह हासिल करने की दिशा में पुरजोर प्रयास करती नजर आई है वहीं केन्द्र में सत्तासीन भाजपा अपनी केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और दिल्ली की आप सरकार की कथित नाकामियों को मुद्दा बनाकर चुनावी सफलता के लिये प्रयासरत रही है। वहीं दिल्ली के इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की दमदार उपस्थिति से दिल्ली का चुनावी मुकाबला इस बार त्रिकोणीय एवं रोचक हो गया है। दिल्ली के सर्वांगीण विकास एवं कायाकल्प का जो काम दिल्ली में 15 साल तक सत्ता में रही कांग्रेस सरकार के दौर में हुए थे उन कामों का 20 प्रतिशत भी दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार व केन्द्र की भाजपा सरकार दिल्लीवासियों के हित में नहीं कर पाई, यही कारण है कि दिल्लीवासियों का झुकाव इस बार कांग्रेस की तरफ नजर आया है। क्यों कि अपनी पिछली सरकार की इन्हीं उपलब्धियों को मुद्दा बनाकर कांग्रेस नेता दिल्ली की चुनावी मुहिम में जुटे रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, असीम ऊर्जा के पर्याय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी की प्रभावी राजनीतिक रणनीति से जहां दिल्ली में कांग्रेस की चुनावी संभावनाएं प्रबल हो रही हैं वहीं देश की राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की बढ़ी हुई ताकत और राहुल गांधी की देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ती लोकप्रियता एवं साख दिल्ली के सियासी समीकरणों को खासे प्रभावित कर रहे हैं। दिल्ली एवं देश की राजनीति में राजनीतिक क्रांति के सूत्रपात का दावा करके आम आमी पार्टी लांच कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले में अपने सहयोगियों सहित जेल की हवा खा चुके हैं तथा सशर्त जमानत के बाद जेल से उनकी रिहाई हुई है। वहीं केन्द्र सत्तासीन भाजपा एवं मोदी- शाह जैसे उसके नेताओं के नकारेपन के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को कोई बड़ी राजनीतिक सफलता मिलती हुई नजर नहीं आ रही है। हर सरोकार पूर्ण कार्य को अपने सियासी उद्देश्यों के लिये इवेंट बनाने वाले तथा संवैधानिक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन की जगह सिर्फ नौटंकियां करने वाले भाजपाइयों में व्यवस्थात्मक सूझबूझ व ज्ञान एवं सैद्धांतिक- नैतिक प्रतिबद्धता के अभाव के कारण 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरा है तथा खासकर उत्तरप्रदेश में भाजपा को भारी राजनीतिक पराभव का सामना करना पड़ा है। अयोध्या में राम को लाने का दावा करके मजहबी एवं सांस्कृतिक बेवकूफी करने वाले भाजपाई लोकसभा में अपनी पार्टी के लिये अयोध्या की लोकसभा सीट तक नहीं ला पाये। केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की गठबंधन सरकार पर भाजपा की इस राजनीतिक कमजोरी एवं मजबूरी का असर साफ नजर आ रहा है। वहीं दिल्ली के राजनीतिक समीकरणों की दृष्टि से आम आदमी पार्टी और भाजपा के खिलाफ एंटी इनकंबेसी फैक्टर स्पष्ट नजर आ रहा है। जो दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक पुनरुत्थान की दृष्टि से बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली में भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक पीएम मोदी हैं तो आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े चुनावी खेवनहार अरविंद केजरीवाल हैं लेकिन बुद्धिजीवियों की नजर में मोदी और केजरीवाल किसी राजनीतिक विदूषक से कम नहीं हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** करियर में उन्नति के योग हैं। तरक्की मिल सकती है और मन प्रसन्न रहेगा। पुराने दोस्त मददगार साबित होंगे।

**तुला** आज करियर में सफलता मिलेगी। धन प्राप्ति होगी। नौकरी वालों के अधिकार बढ़ेंगे।

**वृषभ** आज करियर में लाभ होगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। लेकिन, जायदाद के मामले में नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक** आज करियर में सफलता और तरक्की मिलेगी। किसी बड़े अधिकारी से मुलाकात होगी।

**मिथुन** आज करियर में लाभ के योग हैं। नई योजनाएं बनाएंगे। कर्ज उतारने में सफल होंगे।

**धनु** आज सफलता और तरक्की मिलेगी। पूजा-पाठ में रुचि बढ़ेगी। नए व्यापार में लाभ होगा।

**कर्क** आज करियर में लाभ होगा। बुद्धि बढ़ेगी और तरक्की होगी। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**मकर** आज लाभ होगा और पराक्रम बढ़ेगा। आपके बात करने के तरीके से आपको सफलता मिलेगी।

**सिंह** आज करियर में लाभ होगा और सुख बढ़ेगा। यात्रा सफल रहेगी। मन खुश रहेगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा। कुछ झंझट और खर्च करने पड़ेंगे।

**कन्या** आज दिन सफलता से भरा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। विवाद खत्म होंगे।

**मीन** आज दिन सफलता से भरा रहेगा। पराक्रम बढ़ेगा। संतान से खुशखबरी मिलेगी।

## विशेष

### नेताओं को संगम में अभिषेक कराया महान तपस्वी साधु संतों ने

महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में चल रहा है। बड़े-बड़े राजनेता संगम में स्नान कर पुण्य कर्म का अर्जन कर रहे हैं। इस बार के कुंभ में महान तपस्वी साधु संत जिस तरह से राजनेताओं को संगम में शिवलिंग की तरह नेताओं को स्नान कराते हुए टेलीविजन में दिखे। उसकी देश में श्रद्धालुओं के बीच बड़ी प्रतिक्रिया हुई है। श्रद्धालुओं की नजर में साधु संतों के प्रति श्रद्धा भाव कम हुआ है। नेताओं को स्नान करने वाले साधु संतों को राजसत्ता में बैठे हुए राजनेताओं से जो कुछ मिला होगा। वह साधु संतों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह चर्चा अब जनता के बीच में हो रही है। साधु संतों ने जिन नेताओं का अभिषेक किया है। निश्चित रूप से वह साधु संतों से तो बड़े होंगे ही। यह जनता कह रही है।

### मोदी और ट्रंप की दोस्ती बरकरार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के ऊपर टैरिफ लगाने की धमकी कई बार दी। तीन देशों के ऊपर उन्होंने टैरिफ लगा भी दिया। भारत में उन्होंने अभी तक कोई टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको और चीन के ऊपर शुल्क लगाकर अपनी धमकी को पूरा किया है। भारत कह रहा है, ट्रंप भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं। अतः भारत पर वह कोई भी टैरिफ नहीं लगाएंगे। यदि अमेरिका ने ऐसा किया, तो डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के कारण ही यह संभव होगा। राजनीतिक हल्कों में यही कहा जा रहा है।

## कार्टून कोना

12 लाख तक की आय पर टैक्स में छूट के लिए तुरंत मान गए थे पीएमः निर्मला सीतारमण




## आज का इतिहास

1879 : ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया। 1919: गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। 1949: पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी। 1950: मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिंटीज की स्थापना की। 1958: पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया। 1967: यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अन्यों पर लगे प्रतिबंध उठा लिए। 1970: संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला। 1976 : सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की। 1987 : मिस्त्र के उपराष्ट्रपति हुस्ती मुबारक राष्ट्रपति अनवर सादात के उत्तराधिकार मनोनीत किए गए। 1985: फलीस्तीनियों ने इटली के युद्धपोत आशिल लारे का भूमध्य सागर में अपहरण कर लिया।

## दैनिक पंचांग

**5 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.08 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मीन | 08.41 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मेष | 10.11 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 11.51 बजे से |
| गुरु | वृष में | मिथुन | 13.49 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कर्क | 16.03 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 18.19 बजे से |
| राहु | मीन में | कन्या | 20.31 बजे से |
| केतु | कन्या में | तुला | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.56 ब.से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | धनु | 03.12 बजे से |
| | | मकर | 05.17 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 36 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 20.33 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र)21.19 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 13.32 बजे तदनन्तर बव 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872246
**जूलियन दिन** 2460711.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** शाबान **तारीख** 06
**विशेष** भीष्म अष्टमी, मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# ये है दुनिया का सबसे खतरनाक पेड़, फल की जगह उगते हैं ग्रेनेड

**दुनिया में कई तरह के पेड़-पौधे हैं. कई पेड़ अपनी खासियत की वजह से जाने जाते हैं. किसी पेड़ के अंदर कई लीटर पानी जमा हो सकता है तो कुछ पेड़ सालभर फल देते हैं. भगवान हर पेड़ को जिंदा रहने के लिए कई गुण भी देता है. वैसे तो दुनिया के ज्यादातर पेड़ धरती को ऑक्सीजन देते हैं. ऐसे में इंसानों के लिए ये पेड़ किसी वरदान से कम नहीं हैं. लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पेड़ के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे दुनिया का सबसे खतरनाक ट्री कहा जाता है. इस पेड़ से इंसान जितना दूर रहे, उसके लिए उतना ही उतना ही अच्छा होता है.**

पेड़ों से भी क्या डरना! आप यही सोच रहे होंगे लेकिन एक पेड़ ऐसा है जिससे डरना ही पड़ेगा। इस पेड़ का नाम है सैंडबॉक्स ट्री। यह सबसे खतरनाक और डरावना पेड़ है जो कि दक्षिण अमेरिका के अमेज़न जंगल में पाया जा सकता है। इस पेड़ को देखते ही आप पहले तो चौंक जाएंगे क्योंकि इसके तने पर शंकु के आकार के ढेर सारे कांटे होते हैं। इतना ही नहीं इस पेड़ पर कद्दू के आकार के फल उगते हैं लेकिन कमाल की बात तो यह है कि जब यह फल पक जाते हैं तो जोरदार आवाज़ के साथ बम की तरह फट जाते हैं। फल 150 मील प्रति घंटे की गति से फूटता है और 60 फीट की दूरी तक इसके बीज तेजी से फैलते हैं। इस तरह के विस्फोट के कारण इसे डाइनामाइट ट्री के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी लंबाई 100 फीट तक हो सकती है।

हम बात कर रहे हैं सैंड बॉक्स ट्री की. इसे पोसमवुड, मंकी नो क्लाइंब, या जाबिलो के नाम से भी जाना जाता है. ये मूल रूप से नार्थ और साउथ अमेरिका के ट्रॉपिकल रीजंस में पाया जाता है. इसके अलावा ये पेड़ अमेजन के रेनफॉरेस्ट में भी पाया जाता है. लेकिन इस पेड़ को दुनिया का सबसे खतरनाक पेड़ कहा जाता है. इसकी वजह है इस पेड़ में लगने वाला फल. जी हां, इस पेड़ में लगने वाला फल नेचुरल ग्रेनेड है.

## इतना खतरनाक है ये पेड़

सैंडबॉक्स को दुनिया के सबसे खतरनाक पेड़ में शामिल किया जाता है. ये पेड़ साठ मीटर तक लंबा हो सकता है. साथ ही इसकी पत्तियां साठ सेंटीमीटर तक बड़ी हो सकती हैं. इस पेड़ में दो तरह के फूल लगते हैं. मेल फ्लावर्स पेड़ के लंबे कांटों में उगते हैं जबकि फीमेल फ्लावर्स इसकी पत्तियों में. इस पेड़ के तने लंबे, नुकीले कांटों से भरे होते हैं जिससे जहर निकलता है. लेकिन इस पेड़ की यूएसपी है इसके फल.

## ग्रेनेड की तरह करते हैं ब्लास्ट

इस पेड़ में कद्दू के आकार के फल लगते हैं. ये तीन से पांच सेंटीमीटर तक बड़े होते हैं. यही फल पेड़ का सबसे खतरनाक अंग है. दरअसल, ये फल किसी ग्रेनेड की तरह फूट जाता है. इस धमाके से इसके बीज काफी दूर-दूर तक फ़ैल जाते हैं. लेकिन जिस स्पीड से इसके बीज गिरते हैं, वो इंसान की बॉडी में छेद भी कर सकता है. इस वजह से पेड़ को काफी खतरनाक माना जाता है. लोगों को इससे दूर रहने की सलाह दी जाती है.



रेलवे स्टेशन वो जगह है जहां आप कभी न कभी जरूर गए होंगे, सालों से यात्रा में रेलवे स्टेशन बेहद अहम भूमिका निभाते नजर आए हैं।



# ये हैं दुनिया के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन

दुनिया भर में कई खूबसूरत रेलवे स्टेशन मौजूद हैं। कुछ अपनी बनावट और इतिहास को लेकर चर्चित हैं, तो कुछ अपनी आलीशान सुविधाओं के लिए जाने जाते हैं। सालों ये रेलवे स्टेशन लोगों की सेवा करते आ रहे हैं, यही वजह है कि आज दुनिया भर में लगभग हर जगह रेलवे की सुविधा उपलब्ध है। हालांकि रेलवे का इतिहास 50 या 100 साल नहीं बल्कि उससे भी पुराना है, ऐसे में रेलवे के साथ-साथ रेलवे स्टेशन की कहानी भी उतनी ही पुरानी है। हम आपको दुनिया के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों के बारे में बताएंगे, जिन्हें कई सालों पहले तैयार किया गया था। आइए जानते हैं इन पुराने रेलवे स्टेशनों के बारे में

## लिवरपूल रोड स्टेशन, इंग्लैंड



लिवरपूल रोड स्टेशन की स्थापना 15 सितंबर 1830 में हुई। बता दें कि इस स्टेशन को दुनिया का सबसे पुराना स्टेशन माना जाता है. हालांकि साल 1975 के बाद यह स्टेशन अब लोगों को सेवाएं नहीं देता है, मगर इस स्टेशन को आज भी पूरी तरह से संरक्षित रखा गया है। साल 1930 में लिवर रोड स्टेशन को लिवरपूल और मैनचेस्टर रेलवे के हिस्से के रूप में तैयार किया गया था, जो कि दुनिया भर में भाप से चलने वाला इंटर-यूब्रान रेलवे था। आज ये ऐतिहासिक इमारत विज्ञान और उद्योग संग्रहालय का हिस्सा है।

## ब्रॉड ग्रीन रेलवे स्टेशन

इस रेलवे स्टेशन को भी 15 सितंबर 1830 में बनाया गया था। इस स्टेशन को भी लिवरपूल और




मैनचेस्टर रोड स्टेशन के साथ तैयार किया गया था। बता दें कि 1830 से लेकर अभी तक यह रेलवे स्टेशन लोगों को अपनी सुविधाएं देता आ रहा है। इस कारण इसे दुनिया के सबसे पुराने स्टेशनों की लिस्ट में शामिल किया गया है।

## हेक्सहम रेलवे स्टेशन




यह दुनिया का तीसरा सबसे पुराना स्टेशन हैं, लेकिन अब तक सेवा देने वाले स्टेशनों में यह दूसरे स्थान पर आता है। बता दें कि इस स्टेशन को साल 1935 में खोला गया था, जो कि टाइन वैली लाइन पर मौजूद है। हालांकि समय के साथ इस रेलवे स्टेशन का आकार छोटा होता जा रहा है। हाल ही में इस स्टेशन को दोबारा से रीवाइव करने के प्रयास किए गए हैं।

## डेप्टफोर्ड रेलवे स्टेशन




डेप्टफोर्ड रेलवे स्टेशन दुनिया के सबसे पुराने स्टेशनों में से चौथे स्थान पर आता है। हालांकि इस स्टेशन ने लंदन के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। माना जाता है कि यह शहर का सबसे पुराना ऑपरेटिंग ट्रेन स्टेशन है। बता दें कि इस स्टेशन की शुरुआत साल 1836 में हुई थी। 1915 से 1926 के लिए इस स्टेशन को बंद कर दिया गया था और इसके साथ ही स्टेशन की पुरानी इमारत को ध्वस्त कर दिया गया था। इसके बाद इस स्टेशन को दोबारा बनाया गया था, हालांकि इस बिल्डिंग को दोबारा साल 2011 में एक बार फिर से स्थापित किया गया।

## लंदन ब्रिज रेलवे स्टेशन



इल शानदार ब्रिज स्टेशन को इंग्लैंड की राजधानी शहर के मुख्य भार में तैयार किया गया था। जिस कारण ये दुनिया का सबसे पुराना ऑपरेटिंग ट्रेन स्टेशन है। बता दें कि इस रेलवे स्टेशन को साल 1836 में तैयार किया गया था, हालांकि समय के साथ इस रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण कई बार किया गया। इतना ही नहीं साल 2009 से लेकर 2017 के बीच इस रेलवे स्टेशन के दोबारा निर्माण के लिए करीब 1.25 बिलियन डॉलर का पैसा खर्च किया गया। जिसके साथ यह स्टेशन दुनिया के पुराने स्टेशनों की लिस्ट में शामिल किया गया।

## लीवरपूल लाइम स्ट्रीट स्टेशन



इंग्लैंड में स्थित लीवरपूल लाइम स्टेशन की शुरुआत साल 1936 में की थी। इसे दुनिया का सबसे पुराना स्टील-ऑपरेटिंग ग्रैंड टर्मिनस मेन लाइन स्टेशन माना जाता है। बता दें कि इस रेलवे स्टेशन पर लकड़ी का शेड हुआ करता था, जिस वजह से समय-समय पर इसे तोड़कर दोबारा तैयार किया जाता था।

## युस्टन रेलवे स्टेशन

इस रेलवे स्टेशन की शुरुआत साल 1837 में की थी, लेकिन पूर्ण रूप से इस स्टेशन की शुरुआत 1960 में की गई। बता दें कि यह रेलवे स्टेशन वेस्ट कोस्ट मेन लाइन के लिवरपूल लाइम स्ट्रीट, मैनचेस्टर पिकाडिली, एडिनबर्ग वेवर्ली और ग्लासगो सेंट्रल के दक्षिण टर्मिनस के रूप में कार्य करता है। माना जाता है कि यह यूरोप के भव्य रेलवे स्टेशनों में से एक था, लेकिन इसके बावजूद भी साल 1960 के दौर में इसकी इमारत को तोड़कर दोबारा तैयार किया गया।







# तुर्की में पानी के नीचे मिला रहस्यमयी महल! 3 हजार साल पुरानी सभ्यता का मंदिर

**क्या आपको पता है कि द्वारिका के अतिरिक्त कई अन्य महल भी हैं जो इस समय पानी के अंदर समा गए हैं. एक ऐसे ही 3 हजार वर्ष पुराने महल को तुर्की में ढूंढा गया था. पुरातत्वविदों को खुदाई के दौरान एक झील में 3,000 साल पुराने महल के अवशेष मिले हैं.**

तुर्की के पूर्वी वान प्रांत में पुरातत्वविदों ने लेक वैन में पानी के भीतर खुदाई के दौरान 3,000 साल पुराने उरारतु महल के खंडहरों की खोज की थी. तुर्की की सबसे बड़ी और मध्य पूर्व की दूसरी सबसे बड़ी झील की गहराई में मिला यह प्राचीन महल काफी हद तक अच्छी हालत में है. झीले में मिले महल के अवशेष एक मुख्य महल से सम्बंधित हैं जो पूर्वी वान प्रांत के गुरपिनार जिले के पहाड़ों के बीच स्थित 8,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है. वहां, टीम को प्राचीन दीवारें, पानी के भंडारण के लिए एक कुंड, और आगे जमीन के भीतर, कुछ चीनी मिट्टी के टुकड़े भी मिले. अब वान झील का वर्तमान जल स्तर कथित तौर पर उरारतु सभ्यता के दौरान की तुलना में कई सौ मीटर अधिक है. विशेषज्ञों के अनुसार झील के आसपास रहने वाली सभ्यताओं ने बड़े गांव और बस्तियां बसाई, जब झील का जल स्तर कम था, लेकिन फिर से बढ़ने के बाद उन्हें क्षेत्र छोड़ना पड़ा होगा. अनुसंधान यह निर्धारित नहीं कर सका कि महल की कितनी दीवारें पानी में दबी हुई हैं, लेकिन पानी के ऊपर लगभग तीन से चार मीटर दिखाई देती हैं.

अपने अद्वितीय ऐतिहासिक मूल्य के कारण पानी के नीचे के खंडहरों से हजारों पर्यटकों को आकर्षित करने की उम्मीद जताई जा रही है. लेक वैन तुर्की की सबसे बड़ी झील है और मध्य पूर्व में दूसरी सबसे बड़ी झील है. यह दुनिया की सबसे बड़ी सोडियम वाटर झील भी है. झील ईरान के साथ सीमा के पास पूर्वी अनातोलियन क्षेत्र के ऊंचे मैदानों पर स्थित है. यह वैन प्रांत के पास माउंट नेम्रुट के ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बने क्रेटर द्वारा बनाई गई थी.

इसी सभ्यता का एक 2,800 साल पुराना ओपन एरिया मंदिर भी उरारतु काल का खोजा गया है. माना जाता है कि इसका उपयोग दक्षिण-पश्चिमी भाग में धार्मिक समारोहों में किया जाता था. उरारटियन कई देवताओं को पूजते थे इसलिए संभावना है कि अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों को क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर रखा गया हो. फिलहाल पुरातत्वविदों का मानना है कि यहां युद्ध के देवता के नाम पर समारोह आयोजित किये जाते थे.






भारत में आपको एक ही शहर के नाम दूसरे राज्यों में भी सुनने को मिल जाते होंगे, लेकिन क्या आपने कभी ये सुना है कि भारतीय शहरों के नाम पर विदेशों में भी शहर हैं। जी हां, विदेशों में कई जगहें ऐसी हैं जिनका नाम भारतीय शहरों के नाम पर रखा गया है। दिल्ली और पटना इसी के उदहारण है, जिनका नाम आपको विदेशों में भी मिल जाएगा। भारत के कुछ ऐसे शहर  जिनके नाम के विदेशों में भी शहर है। तो चलिए जानते हैं-

# क्या आपको मालूम है इन भारतीय शहरों के नाम पर विदेशों में भी हैं शहर

**लखनऊ** – उत्तर प्रदेश की राजधानी, जिसे नवाबों का शहर भी कहा जाता है, लेकिन क्या आपको मालूम है कि अमेरिका में भी एक शहर का नाम है लखनऊ। जी हां, अमेरिका में भी लखनऊ है जिसे कैसल इन द क्लाउड्स के भी नाम से जाना जाता है।

**पटना** – बिहार की राजधानी पटना, लेकिन क्या आपको मालूम है इस पटना के अलावा भी एक और पटना स्कॉटलैंड देश में है। जी हां, स्कॉटलैंड के ईस्ट एरीशायर में एक शहर है जिसका भी नाम पटना है। कहा जाता है कि जब स्कॉटलैंड में ईस्ट इंडिया कंपनी के लोग भारत से वापिस लौटे तो उन्होंने अपने शहर में इसी पटना के नाम पर एक शहर बसा लिया।

**कोलकाता** – ब्रिटिश काल में इसे कलकत्ता के नाम से जाना जाता था, जिसे अब कोलकाता के नाम से जाना जाता है। ये शहर ब्रिटिश काल में भारत की राजधानी भी रही है। एक कोलकाता अमेरिका में भी है, जिसे कोटा टाउन और इंडियाना के नाम से भी जाना जाता है।

**हैदराबाद** – हैदराबाद भारत के प्रमुख शहरों में से एक और तेलंगाना की राजधानी है, लेकिन क्या आपको मालूम है पाकिस्तान में भी एक हैदराबाद है। जी हां, पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक शहर है जिसका नाम हैदराबाद है।

**ढाणे** – महाराष्ट्र के ढाणे का नाम आपने ज़रूर सुना होगा। दूसरा ढाणे शहर ऑस्ट्रेलिया में है। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड शहर में है ये दूसरा ढाणे।

**कोच्चि** – भारत में कोच्चि को कोचीन के नाम से भी जाना जाता है। ये शहर प्रमुख रूप से बंदरगाह यानि पोर्ट के लिए भी भारत में जाना जाता है। यहां ऐसे कई बंदरगाह है जहां विदेशों से भी कंटेनर आते हैं, लेकिन आपको मालूम है जापान में भी एक कोचीन है, जो एक आइलैंड पर बसा हुआ है।



# किसी दबाव में नहीं बंद हुई हिंडनबर्ग, एंडरसन बोले- अदाणी से जुड़ी अपनी रिपोर्ट पर अब भी कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह जैसी कंपनियों के खिलाफ अपने हाई-प्रोफाइल अभियानों के लिए जाने जाने वाले एक्टिविस्ट शॉर्ट-सेलर नाथन एंडरसन ने साफ किया है कि उन्होंने अपनी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को किसी कानूनी या अन्य खतरे के कारण बंद नहीं किया है और वे वह अपनी सभी रिपोर्टों में कही गई हर बात पर कायम हैं।

एंडरसन ने पीटीआई को बताया कि हिंडनबर्ग की जनवरी 2023 की रिपोर्ट, जिसमें अदाणी समूह पर कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ी धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था, मीडिया रिपोर्टों में समूह के खिलाफ उठाए गए सवालों का परिणाम था। अदाणी समूह ने रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों का बार-बार खंडन किया है।

एंडरसन ने हिंडनबर्ग को ओसीसीआरपी और जॉर्ज सोरोस जैसे कथित भारत विरोधी समूहों के साथ जोड़ने के प्रयासों को मूर्खतापूर्ण षड्यंत्र करार दिया और कहा कि उनके संगठन ने कभी ऐसी बातों पर टिप्पणी नहीं की क्योंकि वह मूर्खतापूर्ण षड्यंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा न देने की नीति का पालन करते हैं।



एंडरसन ने पिछले महीने अपनी फोरेंसिक रिसर्च फर्म को, जिसकी स्थापना उन्होंने लगभग आठ वर्ष पहले की थी, बंद करने की घोषणा की थी। इसका कारण उन्होंने काम की तीव्रता और उसमें लगने वाले असीमित फोकस को बताया था। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने हिंडनबर्ग को बंद करने का निर्णय क्यों लिया, जबकि वे पीछे हट सकते थे और कंपनी की बागडोर किसी और को सौंप सकते थे, उन्होंने कहा कि मुझे ब्रांड से अलग करने का कोई तरीका नहीं है। उन्होंने कहा, हिंडनबर्ग मूल रूप से मेरा पर्याय है। अगर यह कोई सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन या साइकिल फैक्ट्री होती तो आप एप्लीकेशन या फैक्ट्री बेच सकते थे। लेकिन जब यह मेरी ओर से अनुसंधान होता है, तो आप वास्तव में इसे किसी और को नहीं दे सकते, और इसलिए मेरा इससे वास्ता समाप्त नहीं होता। लेकिन अगर वे (उनकी टीम) कोई नया ब्रांड लॉन्च करना चाहते हैं, तो मैं टीम का समर्थन करने में खुश हूं, जिसकी मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे।

एंडरसन, जो पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रक कंपनी निकोला के खिलाफ एक रिपोर्ट के कारण चर्चा में आए थे। इसके साथ ही पिछले महीने बंद होने वाली कंपनी हिंडनबर्ग ने कार्ल इकान की इकान एंटरप्राइजेज एलपी सहित प्रमुख वित्तीय हस्तियों की कंपनियों पर हमला बोला था।

# ऑफिस में काम करने वालों की भर्तियां चार फीसदी बढ़ीं, एफएमसीजी कंपनियों ने दीं सर्वाधिक नौकरियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑफिस में बैठकर किएजाने वाले कार्यों (व्हाइट कॉलर जॉब) के लिए भर्ती गतिविधियां जनवरी में चार फीसदी बढ़ गईं। नौकरियां देने में एफएमसीजी कंपनियां अग्रणी रहीं। भर्ती गतिविधियों से जुड़े पोर्टल नौकरी डॉट कॉम ने नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक के आधार पर सोमवार को जनवरी में भर्ती गतिविधियां तेज होने की जानकारी दी।




**कुल भर्तियों में एफएमसीजी कंपनियों की हिस्सेदारी-** रिपोर्ट के मुताबिक, एफएमसीजी कंपनियों की कुल भर्तियों में 16 फीसदी हिस्सेदारी रही।बीमा का 15 फीसदी और औषधि का 11 फीसदी योगदान रहा।इन प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ भर्ती माहौल स्थिर रहा।आतिथ्य क्षेत्र में भर्तियों में आठ फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि आईटी भर्ती सपाट रही है।

जनवरी के भर्ती परिदृश्य में राजस्थान का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है।जोधपुर और उदयपुर जैसे शहरों ने क्रमशः 35 फीसदी एवं 32 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, पिछले साल जनवरी में भर्तियों में 11 फीसदी की निराशाजनक गिरावट रही थी।

इसके उलट, 2025 की शुरुआत सकारात्मक रही है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के कारण भर्ती गतिविधियां संयमित रही हैं। हालांकि, एफएमसीजी, औषधि, बीमा और आतिथ्य जैसे अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि कार्यालय भूमिकाओं के लिए अच्छा संकेत है। आगे भी भर्तियों में तेजी की उम्मीद है।

## एचएसबीसी इंडिया: विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां छह माह के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यात में करीब 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि के कारण देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी, 2025 में बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 57.7 पर पहुंच गईं। एचएसबीसी इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर, 2024 में एक साल के निचले स्तर 56.4 फीसदी पर आ गया था।




### मुख्य अर्थशास्त्री का तर्क

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भार) प्रांजुल भंडारी ने कहा, घरेलू मांग और अंतरराष्ट्रीय बिक्री मजबूत रहने से नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्तूबर, 2024 के बाद से सबसे तेज है। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट का संकेत है।

### कंपनियों पर लागत का दबाव 11 महीने में सबसे कम

कीमतों के मोर्चे पर एचएसबीसी इंडिया ने कहा, कंपनियों पर लागत का दबाव 11 महीनों में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया। लागत से जुड़ी महंगाई लगातार दूसरे महीने घटी है, जिससे कंपनियों पर उत्पादन मूल्य बढ़ाने का दबाव कम हुआ। हालांकि, मांग में तेजी के कारण बिक्री मूल्य मजबूती से बढ़े हैं।

### अतिरिक्त कर्मियों की भर्ती

भंडारी ने कहा, बिक्री में जोरदार वृद्धि और गतिविधियां बढ़ने के आशावादी अनुमानों के कारण कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही की शुरुआत में अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की। आंकड़े बताते हैं कि मजबूत रोजगार सृजन ने कंपनियों को अपने कार्यभार पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाया है।

## अमेरिका के फैसले से भारतीय शेयर बाजार पर positive असर

**मुंबई।** अमेरिका ने कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ लगाए गए हेवी इंपोर्ट टैरिफ पर अस्थायी तौर पर रोक लगाकर ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंकाओं को कुछ हद तक कम कर दिया है। हालांकि, चीन के खिलाफ सख्त रुख अब भी बरकरार है। अमेरिका के इस फैसले का भारतीय शेयर बाजार पर सकारात्मक असर देखने को मिला है, जहां ब्लू चिप शेयरों में तेजी दर्ज की गई है।

मंगलवार को बाजार खुलते ही इन कंपनियों के शेयरों में मजबूती देखी गई। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका के इस कदम से न सिर्फ ब्लू चिप स्टॉक्स को फायदा होगा, बल्कि भारतीय शेयर बाजार भी वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति में आ सकता है। खासकर एशिया के बाकी शेयर बाजारों को पछाड़ने में भारत को बढ़त मिलेगी, क्योंकि निवेशकों को यह लग रहा है कि चीन के खिलाफ अमेरिका का हेवी इंपोर्ट टैरिफ चाइनीज इकोनॉमी का बंटाधार कर देगा। बाकी एशियाई शेयर बाजार के भी टैरिफ वॉर से जुड़े कोई न कोई कारण हैं। ऐसी स्थिति में निवेशकों की नजर भारत पर टिक गई है, जिससे भारत को अतिरिक्त लाभ मिलने की संभावना है।

# आईबीईएफ रिपोर्ट: तेजी से बढ़ते निर्माण उद्योग में बढ़ रही है प्रभावी नेतृत्व और प्रबंधन पेशेवरों की मांग

**मुंबई , एजेंसी।** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सबसे महत्वपूर्ण योगदान कर्ताओं में से एक है निर्माण उद्योग।आईबीईएफ की 2021 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक जीडीपी में निर्माण उद्योग की हिस्सेदारी करीब 9 फीसद है। भारतीय उद्योग परिसंघ के मुताबिक भारत में निर्माण उद्योग का आकार वर्ष 2030 तक बढ़कर 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।बुनियादी ढांचे के विकास और अफोर्डेबल हाउसिंग पर सरकार के बहुत अधिक ध्यान देने से निर्माण परियोजनाओं का प्रभावी ढंग से नेतृत्व और प्रबंधन करने के लिए व्यावसायिक कार्यों और प्रबंधन प्रथाओं की मजबूत समझ रखने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता भी बढ़ रही है।

आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एमबीए की डिग्री की वैल्यू विशेष रूप से बिल्ट एनवायरनमेंट यानी मानव निर्मित पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत अधिक है।निर्माण उद्योग को व्यवसाय प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ एक कुशल वर्कफोर्स की आवश्यकता है। ऐसे में एमबीए डिग्री ग्रेजुएट्स को बाजार की जरूरत के अनुसार तैयार करती है और तमाम नई खूबियों से लैस करती है, ताकि वे भारतीय निर्माण उद्योग के लिए एक मूल्यवान एसेट्स बन सकें।

जैसे-जैसे भारतीय निर्माण उद्योग आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे एमबीए डिग्री धारकों की मांग भी बढ़ रही है।एमबीए ग्रेजुएट न केवल अपने करियर में सफल हो रहे हैं बल्कि भारत में अधिक न्यायसंगत और सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री बनाने में योगदान दे रहे हैं।



जनरेटिव एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल जैसी नई टेक्नोलॉजी के आने के बाद भारतीय निर्माण उद्योग, विशेष रूप से बिल्ट एनवायरनमेंट यानी मानव निर्मित पर्यावरण के क्षेत्र में, एमबीए की डिग्री का महत्त्व और अधिक बढ़ गया है। इसका एक मुख्य कारण यह है कि एमबीए प्रोग्राम छात्रों को एकाउंटेंसी, फाइनेंस, मार्केटिंग , ऑपरेशन और स्ट्रेट्जी जैसे व्यावसायिक कार्यों की व्यापक समझ प्रदान करता है। जो भारतीय निर्माण उद्योग में काम करने वाले व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा एमबीए की डिग्री छात्रों में नेतृत्व, संचार, टीमवर्क और सांस्कृतिक समझ जैसे महत्वपूर्ण पारस्परिक कौशल को भी विकसित करने में मदद करती है।भारतीय निर्माण उद्योग में विभिन्न हितधारकों जैसे ग्राहक, नियामक प्राधिकरण, ठेकेदार, सलाहकार आदि के साथ ही जटिल निर्माण परियोजनाओं के प्रबंधन के लिए प्रभावी संचार और टीमवर्क की जरूरत होती है। भारत में निर्माण उद्योग काफी विविधतापूर्ण है और इसमें विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों के साथ काम करना शामिल है, जो एमबीए ग्रेजुएट्स को भारतीय निर्माण उद्योग में प्रभावी ढंग से काम करने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करता है।

एमिटी यूनिवर्सिटी अपने आरआईसीएस स्कूल ऑफ बिल्ट एनवायरनमेंट (आरआईसीएस एसबीई) के जरिये निर्माण उद्योग के लिए एमबीए ग्रेजुएट्स को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसकी स्थापना 2013 में, संस्थापना, रॉयल इंस्टीट्यूशन ऑफ चार्टर्ड सर्वेयर्स (आरआईसीएस), यूनाइटेड किंगडम के सहयोग से की गई थी। नोएडा और मुंबई परिसरों के साथ आरआईसीएस एसबीई उद्योग के नेतृत्व में, निर्माण परियोजना प्रबंधन , निर्माण अर्थशास्त्र और मात्रा सर्वेक्षण, और रियल एस्टेट और शहरी अवसंरचना में एमबीए के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। इसके अलावा रियल एस्टेट और शहरी अवसंरचना में बीबीए, सुविधा प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा और पीएचडी कार्यक्रम भी संचालित कर रहा है।ये कार्यक्रम छात्रों को इस बदलाव वाले क्षेत्र में सफलता के लिए तैयार करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

इतना ही नहीं आरआईसीएस स्कूल ऑफ बिल्ट एनवायरनमेंट प्रमुख कंपनियों के साथ छात्रों को इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और लाइव प्रोजेक्ट के लिए अवसर भी प्रदान करता है। इसका अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज प्रोग्राम छात्रों के वैश्विक प्रदर्शन और कैरियर की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद करता है। आरआईसीएस (यूके) और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई - यूएस) द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रम, शैक्षिक उत्कृष्टता और रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र में भविष्य के नेताओं को आकार देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# टाटा की कंपनी को हुआ 21 करोड़ रुपये का घाटा, चढ़ते बाजार में 52 हफ्ते के लो पर पहुंचा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा केमिकल्स के शेयर आज बाजार खुलते ही धड़ाम हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 21 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 194 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इससे कंपनी का शेयर मार्केट खुलते ही




बीएसई पर 4 प्रतिशत गिरकर 906.65 रुपये पर आ गया जो इसका 52 सप्ताह का नया निचला स्तर है। इस बीच सेंसेक्स में 700 अंक से अधिक की तेजी आई है।

टाटा केमिकल्स पर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 70 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च करना पड़ा। ब्रिटेन के नॉर्थविच में लोस्टॉक प्लांट में सोडा ऐश उत्पादन बंद होने के कारण ऐसा हुआ। तीसरी तिमाही में कंपनी के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 3,590 करोड़ रुपये रहा।

### 6 महीने में कैसा रहा हाल

टाटा केमिकल्स के एमडी निदेशक और सीईओ आर मुकुंदन ने कहा कि भारत सहित पूरे एशिया में ग्रोथ जारी है, जबकि अमेरिका और पश्चिमी यूरोप सहित अन्य बाजारों में फ्लैट और कंटेनर ग्लास की मांग में कमी के कारण मामूली गिरावट देखी जा रही है। ट्रेंडलाइन डेटा के अनुसार कंपनी के स्टॉक का औसत टारगेट प्राइस 937 रुपये है, जो इसकी मौजूदा कीमत 1 प्रतिशत कम है। 7 एनालिस्ट्स ने इसे बेचने की सलाह दी है। टाटा केमिकल्स के शेयर पिछले सत्र में 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 945 रुपये पर बंद हुए थे। पिछले छह महीनों में इस स्टॉक में 13 प्रतिशत और पिछले तीन वर्षों में 2 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# शाहरुख खान ने पहनी पाटेक फिलिप की घड़ी

## कीमत 1 करोड़ रुपये है



### ● सलमान खान और अनंत अंबानी भी है इसके फैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान हाल में अपने खास स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। हाल में वह एक इवेंट में शाहरुख खान पत्नी गौरी खान, बेटा आर्यन खान और बेटी सुहाना खान के साथ नजर आए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान उन्होंने स्विस वॉचमेकर पाटेक फिलिप की घड़ी पहन रखी थी। इस कंपनी की घड़ियां काफी महंगी होती हैं। सलमान खान भी कई बार यह घड़ी पहने नजर आ चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान के पास भी महंगी और लग्जरी घड़ियों का बड़ा कलेक्शन है। हाल में वह नेटफ्लिक्स इवेंट में अपने परिवार के साथ नजर आए। इसकी कीमत करीब 115,000 डॉलर यानी करीब 1,00,13,000 रुपये है। पिछले साल आईपीएल के फाइनल में शाहरुख ने रिचर्ड की घड़ी पहनी थी जिसकी कीमत उस समय करीब 5.45 करोड़ रुपये बताई गई थी। दिग्गज क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने भी पिछले साल अगस्त में पाटेक फिलिप की घड़ी के साथ इंस्टाग्राम पर फोटो डाली थी। मीडिया के मुताबिक उस घड़ी की कीमत 16 करोड़ रुपये है।

### अनंत अंबानी भी है फैन

इसी तरह एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के पास भी कई लग्जरी घड़ियां हैं। कुछ साल पहले मुंबई के जियो पार्क में बने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर की ओपनिंग सेरेमनी में अनंत अंबानी ने पाटेक फिलिप ब्रांड की सुपर लग्जरी घड़ी पहनी थी। उस घड़ी की कीमत तब करीब 18 करोड़ रुपये थी। पाटेक फिलिप की घड़ियों की कीमत करोड़ों में होती है। साल 2019 में इस कंपनी की एक घड़ी की नीलामी 222 करोड़ रुपये में हुई थी। यह दुनिया की किसी भी रिस्ट्वॉच के लिए दी गई सबसे ज्यादा रकम थी।

# खेती से नहीं हो रहा था गुजारा, 10वीं पास महिला ने हुनर से बदले हालात, अब लाखों में कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काफी लोग खेती में अच्छी कमाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें सफलता हर किसी को नहीं मिलती। ऐसा ही कुछ हो रहा था पश्चिम बंगाल में रहने वाली दीपाली मुरा के साथ। कड़ी मेहनत के बाद भी खेती से उतनी कमाई नहीं हो रही थी कि परिवार का गुजारा हो सके। लेकिन उन्होंने हुनर सीखा और फिर सबकुछ बदल गया। आज वह सबई घास के बने प्रोडक्ट बेचकर लाखों रुपये सालाना कमा रही हैं।

दीपाली ने साल 2009 में 10वीं की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद 17 साल की उम्र में उनकी शादी हो गई। दीपाली आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। ससुराल में उनके परिवार की आय का जरिया सिर्फ खेती थी। लेकिन काफी मेहनत के बाद भी वह खेती से पर्याप्त कमाई नहीं कर पा रही थीं। दीपाली और उनके पति



अपनी एक बीघा जमीन पर सबई घास उगाते थे। इस घास की वे रस्सियां बनाकर बेचते थे। इससे उन्हें महीने के दो हजार रुपये भी नहीं मिलते थे।

**क्या है सबई घास-** सबई घास एक गुच्छेदार घास है। इसकी खेती पूरे साल होती है। इसे प्राकृतिक फाइबर भी कहते हैं। इसका इस्तेमाल रस्सी बनाने में होता है। इसकी बनी रस्सी काफी सॉफ्ट होती है। इसे सबई घास और बबुई घास भी कहा जाता है। इसकी रस्सी बनाने के बाद उसे किसी रंग में रंग सकते हैं। इसका इस्तेमाल रस्सी बनाने के अलावा कागज, डिस्पोजल बर्तन, चटाई आदि बनाने में भी होता है।

**समय के साथ बदल दी चीजें-** करीब 10 साल पहले दीपाली को दूसरा बच्चा हुआ। उस समय भी उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इसके बाद दीपाली ने कुछ अलग करने के बारे में सोचा।

दीपाली ने साल 2013 में ग्रामीण शिल्प और सांस्कृतिक केंद्र की ओर से आयोजिक एक वर्कशॉप में हिस्सा लिया। इसका मुख्य रूप से आयोजन यूनेस्को की ओर से किया गया था। इस वर्कशॉप में महिलाओं को सबई घास से घर की सजावट में काम आने वाली चीजों को बनाने की ट्रेनिंग दी गई।

### 5,000 रुपये का किया निवेश

ट्रेनिंग के बाद दीपाली ने 5,000 रुपये का निवेश किया। उन्होंने इस रकम से रंग, घास और दूसरी चीजें खरीदीं। इसके बाद उन्होंने सबई घास से कई तरह की चीजें बनानी शुरू कर दीं। इसमें ज्वेलरी बॉक्स, टोकरियां, डेकोरेटिव आइटम्स आदि शामिल हैं। वह प्रोडक्ट पर अलग-अलग रंगों से तरह-तरह की डिजाइन करती हैं। इसमें फूल, पक्षी, जानवर आदि शामिल होते हैं। साथ ही वह कई तरह की दूसरी डिजाइन भी बनाती हैं। वह बताती हैं कि दीवार पर लटकाने वाली 14 इंच की थाली बनाने में 30 घंटे तक का समय लगता है।

### कितनी हो रही कमाई

33 साल की दीपाली सबई घास से बने प्रोडक्ट को न केवल भारत में बल्कि विदेश में भी बेचती हैं। वह हर साल विभिन्न प्रदर्शनियों में अपने प्रोडक्ट बेचती हैं। वह हर महीने करीब 600 प्रोडक्ट बनाती हैं। इनकी कीमत साइज के डिजाइन के हिसाब से अलग-अलग होती है। ये प्रोडक्ट बेचकर दीपाली साल में 10 लाख रुपये से ज्यादा कमा रही हैं। साथ ही वह पश्चिम बंगाल के आदिवासी बहुल इलाके में 50 ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी दे रही हैं।

नेशनल गेम्स

## अनमोल खरब ने राष्ट्रीय खेलों में किया शानदार प्रदर्शन, स्वर्ण पदक जीता



**देहरादून, एजेंसी।** एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल अरब ने देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। अनमोल ने महिला एकल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को सीधे गेम में हराया। अनमोल ने पिछले साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह दिसंबर में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। उन्होंने पिछले साल बेल्जियम और पोलिश इंटरनेशनल में खिताब जीते थे। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन की अन्य स्पर्धाओं में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने मिश्रित युगल फाइनल में दीप रामभिया और अक्षय वारंग को 21-11, 20-22, 21-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष युगल में नितिन एचवी और प्रकाश राज एस ने एकतरफा फाइनल में वैभव और आशिथ सूर्या को 21-16, 21-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

## कोंस्टास को टेस्ट टीम में नहीं मिली जगह, हीली ने कोंस्टास को घर भेजने वाली मांग का समर्थन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने भी सैम कोंस्टास को श्रीलंका दौरे से वापस घर भेजने की मांग का समर्थन किया है, ताकि यह युवा खिलाड़ी इस साल के अंत में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से पहले कुछ महत्वपूर्ण शेफील्ड शील्ड मैच खेल सके।कोंस्टास ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में शानदार डेब्यू प्रदर्शन करके धूम मचा दी थी। उनकी बल्लेबाजी की धार ने काफी सुर्खियां भी बटोरी थीं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ उनका सामना यादगार रहा। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में खेलने के बाद 19 वर्षीय खिलाड़ी को गाले में श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम में जगह नहीं मिली है। कोंस्टास की जगह जोश इंगलिस ने जगह बनाई, जबकि ट्रेविस हेड ने ओपनिंग की। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने गाले में मेजबान टीम पर दबदबा बनाया , इसलिए गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। इयान हीली का मानना ??है कि कोंस्टास को शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलने के लिए स्वदेश लौटना चाहिए, ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्हें रेड-बॉल का अधिक अनुभव मिल सके।

# टीम इंडिया में भारी फेरबदल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया में भारी फेरबदल हुआ है. 10 खिलाड़ी टीम से बाहर हो गए हैं. वहीं उनकी जगह पर 9 दूसरे खिलाड़ियों को मौका मिला है. ये बदलाव चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम में नहीं बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज की टीम में हुआ है. दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ 5 ञ20 की सीरीज के लिए जिन 15 खिलाड़ियों को चुना गया था, उनमें से 10 वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे. उन्हें बाहर कर 9 दूसरे खिलाड़ियों को वनडे की भारतीय टीम में जगह दी गई है.

### इन 10 खिलाड़ियों को किया बाहर!

अब टीम इंडिया से बाहर और अंदर होने वाले खिलाड़ी हैं कौन-कौन, आइए एक नजर जरा उन पर डालते हैं. टी-20 सीरीज खेलने वाले जिन 10 खिलाड़ियों को वनडे सीरीज की टीम इंडिया से बाहर किया गया है, उनमें- संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और ध्रुव जुरैल-के नाम शामिल हैं. सूर्या, सैमसन, अभिषेक, बिश्नोई, वरुण और तिलक टी-20 सीरीज के सभी 5 मैचों में खेलते दिखे थे. वहीं रिंकू सिंह पहले 3 मैचों का हिस्सा रहे थे. जुरैल और दुबे ने 2-2 मैच खेले जबकि रमनदीप सिंह को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला.

### ये 9 खिलाड़ी टीम के अंदर!

अब जिन खिलाड़ियों की वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में एंट्री हुई है, उनमें- रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत. केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और कुलदीप यादव- के नाम शामिल हैं. इनमें से कुलदीप यादव अक्टूबर 2024 और श्रेयस अय्यर अगस्त 2024 के बाद इंटरनेशनल मैच खेलते दिखेंगे.

10 खिलाड़ी किए गए बाहर...चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हुए बदलाव



वनडे सीरीज के लिए टीम में बदलाव

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम में हुए बदलाव की वजह तो आप समझ ही गए होंगे. ये वजह है इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज, जिसका आगाज 6 फरवरी से होगा. पहला वनडे नागपुर में खेला जाएगा. वहीं दूसरे वनडे के लिए भारत और इंग्लैंड की टीम कटक के लिए कूच करेगी, जहां 9 फरवरी को मैच होगा. वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा.

# सूर्यकुमार ने खोई फार्म हासिल करने के लिए उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव ने अपनी खोई फार्म हासिल करने के लिए रणजी ट्रॉफी का रुख कर लिया है। सूर्यकुमार यादव और स्टार ऑलराउंडर शिवम दुबे ने चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा के खिलाफ चल रहे मैच के लिए मुंबई टीम में उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। घरेलू मैदानों पर भारतीय टीम ने इंग्लैंड पर 4-1 से टी20 सीरीज जीती थी। सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जोकि भारत की आगामी वनडे सीरीज और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का हिस्सा नहीं हैं, अब रणजी में फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। फिर वह 23 फरवरी को पाकिस्तान से भिड़ेंगे। इसके बाद 8 देशों के टूर्नामेंट में 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप गेम होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरुआत 6 फरवरी से नागपुर में होगी। दूसरा वनडे और तीसरा वनडे क्रमशः 9 और 12 फरवरी को कटक और अहमदाबाद में निर्धारित है। सूर्यकुमार और शिवम दोनों भारत की वनडे योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। सूर्यकुमार का इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में स्कोर 0, 14, 12, 0 और 2 रहा है।

वहीं, मुंबई क्रिकेट टीम वर्तमान में ग्रुप ए अंक तालिका में 29 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, केवल जम्मू-कश्मीर से पीछे है, जो पिछले सप्ताह अंतिम ग्रुप मैच में बड़ौदा को हराकर 35 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई क्रिकेट



एसोसिएशन (एमसीए) के एक सूत्र के हवाले से कहा कि सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे ने हमें सूचित किया है कि वे क्वार्टर फाइनल के लिए उपलब्ध हैं। चयन समिति जल्द ही बैठक करेगी और इसके लिए टीम चुनेगी।

सूर्यकुमार यादव ने रणजी के इस सीजन में अपनी टीम से केवल एक ही मैच खेला है। सूर्यकुमार ने इस दौरान मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेला। बता दें कि रणजी ट्रॉफी 2024-25 का पहला क्वार्टर फाइनल केरल और जम्मू-कश्मीर के बीच पुणे में खेला जाएगा, जबकि विदर्भ और तमिलनाडु नागपुर में दूसरे क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे। लाहली में मुंबई बनाम हरियाणा के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल होगा जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल राजकोट में सौराष्ट्र और गुजरात के बीच होगा। सभी मैच 8 फरवरी से होंगे।



## आईपीएल में नहीं मिला खरीदार पर अब की रनों की बरसात

### तूफानी पारी से दिलाई टीम को बड़ी जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**–आईपीएल 2025 में कई ऐसे बड़े नाम थे जिन्हें खरीदार नहीं मिला। किसी भी फ्रैंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबद्दीन नायब भी लीग के अनसोल्ड खिलाड़ियों में शामिल रहे। हालांकि अब इंटरनेशनल लीग टी20 में इस खिलाड़ी का धमाल देखने को मिल रहा है। वह एक के बाद एक तूफानी पारियां खेल रहे हैं। तीन फरवरी 2025, सोमवार को उन्होंने डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ भी ऐसी ही पारी खेली।

शारजाह में खेले गए मुकाबले में लॉकी फर्ग्यूसन की कप्तानी वाली डेजर्ट वाइपर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 137 रन बनाए। टीम की ओर से कोई भी अर्धशतक नहीं लगा पाया। सबसे ज्यादा रन डैन लॉरेंस के बल्ले से निकले जिन्होंने 31 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में तीन छक्के और दो चौके शामिल शामिल थे। वहीं सैम करन ने 20 गेंदों में 28 रन बनाए। उनकी पारी में दो छक्के और एक चौका शामिल था। एलेक्स हेल्स ने 18 और वानिंदु हसरंगा ने 11 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कैस अहमद ने चार, ओबेड मैकॉय ने 3 विकेट लिए।

दुबई कैपिटल्स के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा साबित नहीं हुआ। उन्होंने 17.1 ओवर में 138 रन बनाए। पहले विकेट के लिए एडम रॉसिंगटन और शे होप के बीच 42 रन की साझेदारी हुई। एडम के आउट होने के बाद गुलबद्दीन नायब क्रीज पर आए। उन्होंने और होप ने टीम की जीत तय की। नायब ने 31 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने चार छक्के और तीन चौके लगाए।

# टेस्ट मैचों की सेंचुरी लगाकर दिग्गज लेगा संन्यास

### 14 साल लंबे ऐतिहासिक करियर को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**- पिछले करीब डेढ़ दशक से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम को अपनी सेवाएं दे रहे दिमुथ करुणारत्ने ने रिटायरमेंट का एलान कर दिया है. वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गॉल स्टेडियम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के बाद रिटायर हो जाएंगे. करुणारत्ने ने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई है और



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह आगामी मैच उनके टेस्ट करियर का 100वां टेस्ट मैच भी होगा. उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 8 हजार से अधिक रन बनाए. श्रीलंका के एक विख्यात अखबार में छपी एक रिपोर्ट अनुसार दिमुथ करुणारत्ने का कहना है कि वो अपने करियर का 100वां टेस्ट मैच खेलने के बाद क्रिकेट के सभी पारूपों से रिटायर हो जाएंगे. उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वो रिटायरमेंट के बाद श्रीलंका छोड़ अगले महीने परिवार सहित ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट होने वाले हैं. करुणारत्ने अपना क्रिकेट करियर का आखिरी मैच मेजर क्लब थ्री-डे टूर्नामेंट में खेलने वाले हैं. वो इस टूर्नामेंट में 14-16 फरवरी के बीच होने वाले सिंहलीज बनाम नांदेस्क्रिप्ट्स मैच में खेलेंगे.डेली एफटी अनुसार दिमुथ करुणारत्ने ने अपनी रिटायरमेंट पर कहा, ÷एक खिलाड़ी यदि साल में केवल चार टेस्ट मैच खेले, ऐसे में उसके लिए फॉर्म को बनाए रखना और प्रेरित रहना मुश्किल होता है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद पिछले 2-3 साल में हमें बहुत कम द्विपक्षीय सीरीज खेलने को मिली हैं.

# मेदवेदेव ने कड़े मुकाबले में वावरिंका को हराया

**रोटर्डम, एजेंसी।** विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने कड़ी चुनौती पेश की और दो पूर्व विजेताओं के बीच मुकाबले में स्विस स्टार स्टेन वावरिंका को हराकर एटीपी रोटर्डम ओपन में वापसी की।

दूसरे वरीय खिलाड़ी ने पहले सेट में दो सेट प्वाइंट गंवाने के बावजूद साथी पूर्व चैंपियन वावरिंका पर 6-7(8), 6-4, 6-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। हालांकि, उन्होंने 2023 में खिताब जीतने के बाद पहली बार इंडोर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 इवेंट में दूसरे दौर में प्रवेश करने के लिए अच्छी वापसी की। इवेंट के राउंड ऑफ 32 के अन्य मैचों में, वाइल्डकार्ड पर खेल रहे छठे वरीय यूनानी खिलाडी स्टेफानोस सितसिपास ने फ्रांस के क्वालीफायर हेरोल्ड मेयोट को सीधे सेटों में 6-1,7-5 से हराया, जबकि पोलैंड के आठवें वरीय ह्यूबर्ट हर्काज़ ने सेंटर कोर्ट पर 77 मिनट तक चले मुकाबले में इटली के फ्लेवियो कैबोली को 6-3,6-



2 से हराया। इटली के क्वालीफायर मटिया बेलुची ने सोमवार रात को नीदरलैंड के मीस रोटगेरिंग को राउंड ऑफ 32 के एक अन्य मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव बनाम वावरिंका मुकाबले पर ध्यान केंद्रित था, क्योंकि दोनों पूर्व चैंपियन हैं और मेदवेदेव कुछ वर्षों के बाद इस इवेंट में वापस आ रहे थे। रोटर्डम में 2015 के खिताब विजेता वावरिंका ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन आखिरकार मेदवेदेव के जीत की रेखा पार करने के कारण उनकी ऊर्जा खत्म हो गई। 28 वर्षीय मेदवेदेव का अगला मुकाबला इतालवी क्वालीफायर मटिया बेलुची से होगा। अगर मेदवेदेव इस सप्ताह खिताब जीतने में सफल हो जाते हैं, तो यह रोम में 2023 एटीपी मास्टर्स 1000 के बाद उनका पहला खिताब होगा। यह पहली बार भी होगा जब पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता हो, जबकि उनके पिछले 20 खिताब अलग-अलग टूर्नामेंट में आए हैं।

मेदवेदेव को पिछले दो एटीपी मुकाबलों में मात देने के बाद, वावरिंका को आगे की चुनौती का एहसास था और इनका गेम प्लान शुरू से ही स्पष्ट था। 39 वर्षीय वावरिंका ने न केवल लम्बी रैलियों में भाग लिया, बल्कि उन्होंने अपनी निरंतर आक्रामकता के साथ मेदवेदेव पर हमला किया। वावरिंका ने 29 शॉट के सेट प्वाइंट को रोक दिया, जो ओपनर की सबसे लंबी रैली के रूप में दोगुना था, उन्होंने अपना प्रभुत्व स्थापित किया और फोरकोर्ट में प्वाइंट को पूरा किया। उन्होंने खेल के इस पैटर्न का इस्तेमाल 69 मिनट के पहले सेट के अधिकांश समय में मेदवेदेव को परेशान करने के लिए किया, जिसके दौरान स्विस खिलाड़ी ने नेट पर 17 में से 12 अंक जीते।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम पर अपनों को ही नहीं भरोसा

इन 6 खिलाड़ियों का राज किया बेपर्दा



**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान ने अपनी टीम का ऐलान तो कर दिया है. मगर क्या ये टीम अपनी मेजबानी में आईसीसी का टूर्नामेंट जीतने में सक्षम है? ये सवाल इसलिए क्योंकि पीसीबी ने जो टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी है, उस पर उसके अपनों के लिए ही भरोसा करना मुमकिन नहीं हो रहा. उनके भरोसा ना करने की वजह है टीम सेलेक्शन. पाकिस्तान के जिस दिग्गज ने चैंपियंस ट्रॉफी की टीम पर सवाल उठाए हैं, वो अब्दुर रऊफ खान हैं. एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर टीम से जुड़े शो में उन्होंने उसकी आलोचना की है.

टीवी चैनल पर प्रसारित हुए कार्यक्रम में कहा गया कि पाकिस्तानी टीम बाबर आजम के भरोसे है. चैंपियंस ट्रॉफी में बाबर आजम का बल्ला चला तो ही कुछ हो सकता है. शो में बाबर आजम के अलावा थोड़ा बहुत विश्वास साउद शकील पर भी दिग्गजों ने जताया. लेकिन. इन दो के अलावा बाकियों पर यकीन की कोई लकीर खींचती नहीं दिखी.

पाकिस्तानी दिग्गज के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी टीम पर यकीन कर पाना इसलिए भी मुश्किल हो रहा था क्योंकि उसमें शामिल 6 खिलाड़ियों से जुड़ा राज हिला देने वाला था. ये वो 6 खिलाड़ी है, जिनमें से कोई वनडे खेला ही नहीं है और किसी को खेले लगभग 2 साल बीत गए. आइए एक नजर डालते हैं टीम में शामिल ऐसे 6 खिलाड़ियों पर.

फखर जमां- इन्होंने आखिरी वनडे पाकिस्तान के लिए 2023 के वर्ल्ड कप में खेला था.

उस्मान खान- पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में ये अपना डेब्यू करते दिख सकते हैं.

फहीम अशरफ- आखिरी बार 2023 के एशिया कप में पाकिस्तान के लिए वनडे खेलते नजर आए थे.

खुशदिल शाह- इन्होंने ने भी अक्टूबर 2023 के बाद से कोई वनडे मुकाबला नहीं खेला है.

अबरार अहमद और तैयब ताहिर- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम में चुने गए ये दो वो खिलाड़ी हैं, जिनके पास अभी 5 से कम वनडे का ही अनुभव है. अबरार ने 4 वनडे जबकि तैयब ने 3 वनडे खेले हैं.

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है, जिसमें पाकिस्तान अपने अभियान का आगाज पहले ही दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा.

# 33 साल पुरानी है अहमद खान और अक्षय कुमार की दोस्ती, निर्माता बोले- वह कभी नहीं बदले




**निर्देशक** अहमद खान ने हाल ही में अक्षय कुमार की कड़ी मेहनत और काम को लेकर उनके जुनून की तारीफ की। खान ने अपनी 33 साल पुरानी दोस्ती का जिक्र करते उन्हें विनम्र और अपना सहयोगी भी बताया। अहमद खान 'वेलकम टू द जंगल' के लिए अक्षय कुमार के साथ काम कर रहे हैं। निर्माता ने अक्षय कुमार को क्रिएटिव बताते हुए एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा, अक्षय और मेरे बीच 33 साल पुरानी दोस्ती है। हमने साथ में 1993 में आई 'सुहाग' से लेकर 2025 में रिलीज को तैयार 'वेलकम टू द जंगल' तक में काम किया है। वक्त के साथ हमारा रिश्ता मजबूत होता गया। मुझे याद है कि 'रंगीला' से पहले 'सुहाग' के लिए अक्षय ने मुझे म्यूजिक पर काम करने के लिए कहा था।

वह क्रिएटिव है और नई सोच रखता है, इसलिए वह चाहता था कि मैं फिल्म में ऐसा करूं और हमने उस पर काम भी किया। उन्होंने आगे कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कोई भी हीरो या कोरियोग्राफर ऐसा करने की कोशिश नहीं करेगा, क्योंकि यह उसका परिचय था, जब हमने इसे शूट किया, तो हमने खूब मजे भी किए और यह शानदार के साथ सफल भी रहा। इसके बाद हम दोनों करियर में आगे बढ़ते गए और अक्षय के साथ मैंने कई प्रोजेक्ट किए। हमारा रिश्ता हमेशा एक जैसा रहा है। फिल्म निर्माता ने आगे कहा, अक्षय का उत्साह, एनर्जी और सबसे अच्छी बात, जो मैंने उनसे सीखी, वह यह है कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल किया है, जो वह चाहते थे।





## ग्रैमी 2025:
### अवॉर्ड विनर लेडी गागा ने कहा- 'समलैंगिक समुदाय को आगे बढ़ने का हक



**लॉस एंजिल्स।** गायिका लेडी गागा ने सर्वश्रेष्ठ पॉप जोड़ी प्रदर्शन के लिए ग्रैमी सम्मान जीतने के बाद 'समलैंगिक समुदाय' का आभार जताया और कहा कि इन्हें भी आगे बढ़ने का अधिकार है। रिपोर्ट के अनुसार, गागा ने कहा, आप सभी के लिए गाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आज बस इतना कहना चाहती हूं कि ट्रांस लोग गुम नहीं हैं। ट्रांस लोग प्यार के हकदार हैं। समलैंगिक समुदाय को ऊपर उठने का हक है। संगीत प्यार है। धन्यवाद।

गागा ने ब्रूनो मार्स के साथ उनके गीत डाई विद ए स्माइल के लिए सर्वश्रेष्ठ पॉप जोड़ी/समूह प्रदर्शन के लिए ग्रैमी जीता। ट्रांस लोगों के लिए दिए गए बयान में गागा ने प्रत्यक्ष रूप से किसी का उल्लेख नहीं किया। हालांकि, उनका बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रांस लोगों को लेकर आए आदेश के बीच आया। ट्रंप की सरकार केवल दो लिंगों को मान्यता देगी। आदेश के अनुसार सरकार केवल दो लिंगों, पुरुष और महिला, को मान्यता देगी। गागा लंबे समय से एलजीबीटीक्यू समुदाय की सहयोगी रही हैं।

उनका एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका नाम 'बॉर्न दिस वे' है। गागा का फाउंडेशन युवाओं को विनम्र बनने के साथ ही मजबूत दुनिया के निर्माण के लिए तैयार करता है। गागा अपने गीतों के जरिए अक्सर समलैंगिक लोगों का साथ देती नजर आती हैं। ग्रैमी इवेंट से पहले, गागा ने लॉस एंजिल्स में लगी विनाशकारी जंगल की आग के बाद श्रद्धांजलि देने के लिए मार्स के साथ कैलिफोर्निया ड्रीमिन गीत प्रस्तुत किया था।

### बेस्ट कंट्री एल्बम अवॉर्ड जीतकर 'सम्मानित' महसूस कर रहीं बेयोंसे



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायिका-गीतकार बेयोंसे ने 67वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में बड़ी जीत हासिल की। गायिका को उनके काउबॉय कार्टर के लिए ग्रैमी के 'एल्बम ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया। बेयोंसे ने चार्ली एक्ससीएक्स, जैकब कोलियर, बिली इलिश, चैपल रोआन, टेलर स्विफ्ट, आंद्रे और सबरीना कारपेंटर को पछाड़कर एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है। अपनी बेटी ब्लू आइवी कार्टर के साथ नोल्स ने कहा, मैं बहुत संतुष्ट और सम्मानित महसूस कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं ग्रैमी, हर गीतकार, हर सहयोगी, हर निर्माता, सभी की कड़ी मेहनत का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

रिपोर्ट के अनुसार, बेयोंसे को 11 श्रेणियों में नामांकन मिला था, उसके बाद बिली इलिश, केंड्रिक लैमर, पोस्ट मेलोन और चार्ली एक्ससीएक्स ने सात-सात और टेलर स्विफ्ट, सबरीना कारपेंटर और चैपल रोआन को छह-छह नामांकन मिले।

## तब्बू ने जताई प्रियदर्शन की फिल्म हेरा फेरी 3 में एंट्री की संभावना
### मेरे बिना कास्ट पूरी नहीं होगी

**हाल** ही में प्रियदर्शन ने अपनी फिल्म हेरा फेरी 3 का एलान किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल और अक्षय कुमार एक बार फिर नजर आएंगे। इस बीच तब्बू ने भी फिल्म में एंट्री के संकेत दिए हैं।

हाल ही में निर्देशक प्रियदर्शन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर फिल्म हेरा फेरी 3 बनाने का एलान किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को यह खबर दी। अपने पोस्ट में उन्होंने अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी को टैग किया। हेरा फेरी की तीसरी कड़ी के एलान ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। अब तब्बू ने संकेत दिया है कि वे भी कास्ट में शामिल हो सकती हैं।

#### प्रियदर्शन ने दिया रिटर्न गिफ्ट

प्रियदर्शन ने 30 जनवरी को अपना जन्मदिन मनाया। अक्षय कुमार ने एक पोस्ट लिखकर प्रियदर्शन को बधाई दी और कहा कि आपके साथ जन्मदिन मनाने का इससे बेहतर तरीका और क्या होगा कि मैं पूरा दिन आपके साथ सेट पर ही बिताऊं। इसके जवाब में प्रियदर्शन ने एक पोस्ट शेयर किया और लिखा, मैं भी रिटर्न गिफ्ट देता हूं और मैं हेरा फेरी 3 बनाना चाहता हूं। क्या तुम तैयार हो? पोस्ट में उन्होंने अक्षय, सुनील शेट्टी और परेश रावल को टैग किया।

## क्या मानुषी छिल्लर रेस 4 में शामिल हो रही हैं?



**रेस 4** को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है और फिल्म से जुड़ा नया नाम मानुषी छिल्लर का है। रिपोर्टों से पता चलता है कि मिस वर्ल्ड और फैशन आइकन बहुप्रतीक्षित सीक्वल में मुख्य अभिनेत्रियों में से एक हो सकती हैं। अगर अफवाहें सच होती हैं, तो मानुषी उस कास्ट में शामिल हो जाएंगी, जिसमें कथित तौर पर सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा शामिल हैं, जो फ्रैंचाइज़ी में वापसी कर रहे हैं। हालाँकि उनकी भूमिका के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं, प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि वह फिल्म के रहस्य, विश्वासघात और अप्रत्याशित मोड़ के मिश्रण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में डांस और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए सराही गई मानुषी की एंट्री से रेस यूनिवर्स में नई ऊर्जा और ग्लैमर आ सकता है। फिल्म 2025 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद के साथ, उत्साह बढ़ रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार अभी भी किया जा रहा है। तब तक, प्रशंसक केवल इंतजार कर सकते हैं और जैसे - जैसे अधिक जानकारी सामने आएगी, वो देख सकते हैं।



## राजकुमार राव ने की हद पार...
# पत्नी पत्रलेखा प्रोड्यूस करेंगी उनकी कंजूसी की कहानी

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की नई फिल्म टोस्टर का टीजर जारी हो चुका है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का टीजर आज, सोमवार को नेटफ्लिक्स ने जारी किया। टीजर में राजकुमार और सान्या मल्होत्रा की जिंदगी रोलर कोस्टर की सवारी की तरह दिखाई गई है। रामकुमार और सान्या पति पत्नी है, जहां पति बेहद कंजूस है और फालतू पैसे खर्च करने से बचता है।

**फिल्म की कहानी**

टीजर में दिखाया गया है कि पैसे बचाने वाले राजकुमार को तगड़ा झटका तब लगता है, जब उन्हें अपनी पत्नी सान्या के साथ एक शादीशुदा जोड़े को टोस्टर तोहफे में देना होता है, जिसकी कीमत पांच हजार रुपये है। ऐसे में छह रुपये बचाने वाले राजकुमार के लिए पांच हजार खर्च करना आसान नहीं होता, लेकिन आखिरकार वे टोस्टर खरीदते हैं और तोहफे में भी देते हैं। इस दौरान शादी में मौजूद हर मेहमान को राजकुमार टोस्टर की कीमत हर बार बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं।

**● निर्माताओं का पोस्ट**

हालांकि, शादी टूट जाती है, लेकिन राजकुमार को अपने टोस्टर की चिंता होती है। ऐसे में अब उन्हें अपना टोस्टर वापस पाना है और इसके इर्द-गिर्द ही हंसी-ठहाकों की कहानी बुनी गई है। टीजर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, इतने में कितना मिलेगा? सब मिलेगा राजकुमार, सान्या और तबाही, दुर्घटनाओं और शादी के माध्यम से एक जंगली यात्रा.. सब एक टोस्टर के लिए। टोस्टर जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर।

# नेहा शर्मा ने सप्ताहांत में अपनी बेहतरीन जगह के बारे में बताया

### अभिनेत्री नेहा शर्मा अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से माहौल को गर्म करने में कभी असफल नहीं होती हैं और उनका हालिया अपडेट इसका सबूत है। अभिनेत्री ने अपने आनंदमय रविवार की झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

**यमला** पगला दीवाना 2 की अभिनेत्री अपने सोफे पर पोज देती नजर आई, उन्होंने सिर्फ एक ओवरसाइज्ड सफेद शर्ट और सफेद मोजे पहने हुए थे। नेहा शर्मा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, बेहतरीन जगह..हैप्पी संडे! दिवा के इंस्टा पोस्ट में एक स्वादिष्ट केक की तस्वीर के साथ-साथ कई खूबसूरत फूलों का वीडियो भी शामिल था। शानदार तस्वीरों से मंत्रमुग्ध होकर, एक नेटिजन ने टिप्पणी की, रविवार आपके लिए खुशनुमा है!! इससे पहले, नेहा शर्मा ने अपनी बहन आयशा शर्मा के लिए एक विशेष जन्मदिन पोस्ट संकलित किया, क्योंकि वह 25 जनवरी को 33 वर्ष की हो गईं। स्टनर ने बहनों की जोड़ी की मजेदार तस्वीरों की एक स्ट्रिंग साझा की, साथ ही निम्नलिखित शब्द लिखे, अपना जादू चालू करो, वह मुझसे कहेगी... आप जो कुछ भी चाहते हैं वह एक सपना है... इस दबाव में, इस भार के तहत... हम हीरे हैं... यहां एक साथ हीरे बनने की बात है और जब भी दुनिया आप पर दबाव डालती है, तो आप जानते हैं कि मैं आपके साथ हूं, अभी और हमेशा। जन्मदिन मुबारक। पोस्ट में उन्होंने अपनी बहन के आईडी को टैग किया। नेहा शर्मा जल्द ही बहुचर्चित ड्रामा, दे दे प्यार दे 2 में दिखाई देंगी। अंशुल शर्मा



द्वारा अभिनीत, यह फिल्म 2019 की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू ने अभिनय किया था।

रकुल प्रीत सिंह आयशा खुराना की भूमिका में फिर से नज़र आएंगी, जबकि अजय देवगन एक बार फिर आशीष मेहरा की भूमिका में नज़र आएंगे। इसके अलावा, आर. माधवन को भी फ़िल्म में आयशा के पिता देव खुराना की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने बेचा मुंबई स्थित अपार्टमेंट

### • 61 प्रतिशत मुनाफे के साथ करोड़ों में हुई डील



**सोनाक्षी** सिन्हा ने मुंबई स्थित अपना अपार्टमेंट 22.05 करोड़ रुपये में 61 प्रतिशत के मुनाफे के साथ बेच दिया है। आइए आपको बताते हैं ये अपार्टमेंट मुंबई के किस इलाके में स्थित है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने बांद्रा वेस्ट में स्थित अपना लग्जरी अपार्टमेंट 22.50 करोड़ रुपये में बेच दिया है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट देखने के बाद स्क्वॉयर यार्ड की वेबसाइट पर इन्सपेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन ने ये रिपोर्ट जारी की है। इस अपार्टमेंट की कीमत जनवरी 2025 में रिजिस्टर हो चुकी है। सोनाक्षी सिन्हा ने साल 2020 में 14 करोड़ में अपनी प्रॉपर्टी खरीदी थी। 22.50 करोड़ रुपये में इस अपार्टमेंट को बेचा है। इस अपार्टमेंट की कीमत में 61 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। खबरों की मानें तो सोनाक्षी सिन्हा के पास 81 ऑरिएट में एक और अपार्टमेंट है। रिपोर्ट के अनुसार सेल डीड के मुताबिक इस प्रॉपर्टी की खरीदार रिची बंसल हैं। 45 साल की यह महिला पूर्वी दिल्ली में प्रीत विहार इलाके की रहने वाली हैं। उन्होंने जनवरी 2025 में ही इस प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के लिए दस्तावेज दाखिल किया था।

साभार एजेंसी